रोहतक
रविवार, 24 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 204
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 36.3
न्यून. 23.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 अर्जुन-इलावेनिल की जोड़ी ने जीता गोल्ड

## खबर संक्षेप



### उत्तराखंड : अब थराली में बाढ़ से युवती की मौत, एक लापता

**गोपेश्वर (भाषा)।** अब उत्तराखंड में चमोली जिले के थराली में बादल फट गया। हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ। आसपास के दो गांव सागवाड़ा और चेपड़ों में काफी नुकसान हुआ। चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने बताया कि थराली तहसील मुख्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कई जगहों पर तबाही मच गई क्योंकि स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। चेपड़ों गांव में एक व्यक्ति लापता है, जबकि सागवाड़ा में एक घर पर मलबा गिरने से एक युवती की मौत हो गई। दोनों गांवों में मिलाकर कुल 70-80 घरों में करीब 2 फीट तक मलबा घुस गया। थराली को जोड़ने वाला कर्णप्रयाग-ग्वालदम नेशनल हाईवे मिंग गधेरा के पास मलबा आने के कारण बंद हो गया है। (पेज 5 भी देखें)

### ट्रंप के करीबी सर्जियो गोर भारत में राजदूत नामित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगी सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नामित किया है। गोर वर्तमान में 'व्हाइट हाउस प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस' के निदेशक हैं। ट्रंप ने 38 वर्षीय गोर को महत्वपूर्ण राजदूत पद के लिए नामित करने की घोषणा करते हुए कहा कि गोर दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में भी काम करेंगे। भाषा

### दिल्ली-एनसीआर में शहरी विस्तार 28% भूमि पर होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में निर्मित क्षेत्र 2023 में 3,386.76 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 2033 तक 3,868.28 वर्ग किलोमीटर हो जाने का अनुमान है। इससे संकेत मिलता है कि इस क्षेत्र का लगभग 28 प्रतिशत हिस्सा शहरीकृत हो जाएगा, जो 2023 के स्तर से 481.5 वर्ग किलोमीटर या लगभग 14 प्रतिशत अधिक है। भाषा

### पीएम मोदी ने छूट लेने से इनकार किया : रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने उस नियम से छूट लेने से इनकार कर दिया था। जिसके तहत अगर पीएम, सीएम या कोई मंत्री किसी अपराध में 30 दिन से ज्यादा जेल में रहता है तो उसे हटाना पड़ेगा। मोदी ने कहा था कि पीएम भी देश का नागरिक है उसे विशेष छूट नहीं मिलनी चाहिए। एजेंसी

*ट्रंप के टैरिफ की वजह से भारत का बड़ा फैसला*

# 25 अगस्त से अमेरिका के लिए भारतीय डाक सेवाएं निलंबित
# अब सिर्फ 8700 रुपये तक के दस्तावेज और गिफ्ट भेज सकेंगे

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

संचार मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी नए मानदंडों में स्पष्टता के अभाव के कारण हवाई वाहक कंपनियों ने अमेरिका जाने वाली डाक ले जाने से इनकार कर दिया। इस वजह से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपये) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी। इससे पहले 800 डॉलर यानी करीब 70 हजार रुपये तक के सामान ड्यूटी फ्री थे। अमेरिकी प्रशासन ने 30 जुलाई, 2025 को जारी एक कार्यकारी आदेश में कहा कि 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के सामान पर 29 अगस्त से अमेरिका में सीमा शुल्क लागू होगा।

### अमेरिकी नियम की वजह से डाक विभाग को सामान भेजने में परेशानी





#### इसलिए बंद हो रही सेवा

असल में, भारत सरकार ने यह फैसला अमेरिकी सरकार के एक एग्जीक्युटिव ऑर्डर (14324) के जवाब में लिया है। इस ऑर्डर में अमेरिका ने 29 अगस्त से 800 डॉलर यानी करीब 70 हजार रुपये तक के कीमत वाले सामानों पर कस्टम ड्यूटी छूट को खत्म करने का फैसला लिया है। इसका मतलब है कि अमेरिका से भारत भेजने वाले सामानों पर अब ड्यूटी देनी होगी। यह नियम इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट (आईईईपीए) के तहत लागू होगा। हालांकि, 100 अमेरिकी डॉलर (करीब 8700 रुपये) तक के गिफ्ट आइटम पर यह नियम लागू नहीं होगा। अमेरिकी नियम की वजह से डाक विभाग को सामान भेजने और ड्यूटी वसूलने में परेशानी हो रही है। इसलिए, 25 अगस्त, 2025 से कई सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

#### सीबीपी ने जारी किए थे निर्देश

कार्यकारी आदेश के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय डाक नेटवर्क के जरिये खेप पहुंचाने वाले परिवहन वाहकों को डाक पर शुल्क लेना और उसका भुगतान करना आवश्यक है। मंत्रालय ने कहा, 'हालांकि अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने 15 अगस्त, 2025 को कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन 'योग्य पक्षों' के पदनाम और शुल्क संग्रह व प्रेषण की व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं अभी भी अनिर्धारित हैं।'

#### पहले से बुकिंग करवाने वालों का पैसा वापस होगा

जिन ग्राहकों ने पहले से ही सामान बुक कर लिया और अब वे सामान नहीं भेज सकते, वे अपने पैसे वापस ले सकते हैं। डाक विभाग ने ग्राहकों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी है और कहा है कि वह जल्द ही पूरी सेवाएं शुरू करने की कोशिश कर रहा है। भारतीय डाक विभाग ने कहा है कि वह सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर काम कर रहा है और स्थिति पर नजर रख रहा है। कोशिश की जा रही है कि अमेरिका को पूरी डाक सेवाएं जल्द से जल्द फिर से शुरू की जा सकें।

## 2929 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में सीबीआई की कार्रवाई

# अनिल अंबानी के ठिकानों पर छापे, एफआईआर दर्ज

*स्टेट बैंक ने हाल ही में अनिल को फ्रॉड घोषित किया था*

*जांच ब्यूरो ने घर और आरकॉम की तलाशी ली*

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से 2929.05 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में मामला दर्ज करने के बाद शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के निदेशक अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास पर छोपेमारी की। सीबीआई ने एक बयान में कहा कि मुंबई में दो जगहों-रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड (आरकॉम) के आधिकारिक परिसर और अनिल अंबानी के आवासीय परिसर पर तलाशी ली।

सीबीआई ने बृहस्पतिवार को भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर आरकॉम मुंबई, इसके निदेशक अनिल अंबानी, अज्ञात लोक सेवकों और अज्ञात अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी मुंबई के कफ परेड स्थित अंबानी के आवास 'सी विंड' पर हुई।



#### इन आरोपों में कार्रवाई

सीबीआई ने बताया कि अंबानी व आरकॉम पर कथित तौर पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला एसबीआई बैंक के साथ धोखाधड़ी करने और इस तरह बैंक को 2929.05 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोपों में दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपियों ने आपराधिक साजिश के तहत गलत जानकारी दी और आरकॉम के पक्ष में एसबीआई से ऋण सुविधाएं स्वीकृत करवाईं। ऋण की राशि का दुरुपयोग किया गया व इसमें हेरफेर की गई।

#### एसबीआई ने कार्रवाई की थी

एसबीआई ने 10 नवंबर 2020 को कंपनी के खाते और प्रवर्तक अनिल अंबानी को 'धोखाधड़ी करने वाले' की श्रेणी में रखा था और पांच जनवरी 2021 को सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से छह जनवरी 2021 को पारित 'यथास्थिति' आदेश के मद्देनजर शिकायत वापस कर दी गई थी। इससे पहले 23 जुलाई को भी ईडी ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी। रेड यस बैंक से लिए 3000 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में की गई थी।

### ईडी के छापेः कर्नाटक में कांग्रेस विधायक वीरेंद्र गिरफ्तार, नकदी जब्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक से कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया। वीरेंद्र की गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉनड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत हुई है। उन पर अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का आरोप हैं। ईडी ने शुक्रवार को वीरेंद्र के ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी को 12 करोड़ रुपये कैश और 6 करोड़ की गोल्ड ज्वेलरी मिली। साथ ही एक करोड़ की फॉरेन करेंसी भी बरामद की है। चार गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। केसी वीरेंद्र कर्नाटक की चित्रदुर्ग विधानसभा में विधायक हैं। बताया गया है कि विधायक की गोवा में कसीनो कारोबार में हिस्सेदारी है। वे करीब पांच कैसिनो के मालिक हैं, जिसमें फेमस पप्पीज कसीनो भी शामिल है।







### दिल्ली-गुरुग्राम में ईडी के छापे, फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुग्राम और नई दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। यहां से अमेरिकी नागरिकों को टेक सपोर्ट देने के नाम पर 15 मिलियन डॉलर (करीब 130 करोड़) की ठगी गई है। एजेंसी ने 3 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने शनिवार को बताया कि 20 अगस्त को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत गुरुग्राम और दिल्ली की 7 जगहों पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान अरुण गुलाटी, दिव्यांश गोयल और अभिनव कालरा को पकड़ा गया। एजेंसी के मुताबिक, ये तीनों अलग-अलग ऑफिस से कॉल सेंटर चला रहे थे। इन लोगों ने नवंबर 2022 से अप्रैल 2024 तक कई कंपनियों और अमेरिकी नागरिकों से टेक सपोर्ट देने के नाम पर 15 मिलियन डॉलर की ठगी की। इस मामले से जुड़े 30 बैंक अकाउंट फ्रीज किए गए हैं। आरोपितों के पास से 8 लग्जरी गाड़ियां और कई महंगी घड़ियां मिली हैं। सभी आरोपी महंगे घरों में रहते थे। ईडी ने इस छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। कुल लोगों के बयान भी दर्ज किए हैं।

> तीन साल में अमेरिकी नागरिकों से ठगे 130 करोड़
> लग्जरी कारें, महंगी घड़ियां और अन्य सामान जब्त

**पीएम मोदी व शाह से मांगा समर्थन**

### भिवानी के जगत सिंह ने भरा उपराष्ट्रपति पद के लिए पर्चा

**भिवानी(हरिभूमि न्यूज)।** गांव चांग निवासी जगत सिंह परमार ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन भरा। साथ ही उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व अन्य भाजपा सांसद व विधायकों से चुनाव में सहयोग करने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि एक बार उनको मौका दिया जाए तो व हर विभाग के कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करवा देंगे। अभी तक वे राष्ट्रपति के लिए 3 बार, 3 बार एमपी व एमएलए चुनाव लड़े। सभी चुनाव बतौर निर्दलीय के तौर पर लड़े हैं। वे 29 फरवरी 2012 को विद्युत निगम के यूडीसी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके मन में उसी दिन से था कि एक बार चुनाव लड़कर जनता की सेवा करें। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व अन्य मंत्रियों की तरह नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो। पहली बार 2012 में राष्ट्रपति का चुनाव के लिए नामाकंन किया था। जिस वक्त राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु बनी,उस वक्त भी उन्होंने अपना इस पद के लिए नामांकन किया था। उन्होंने वर्ष 2012, 2017 व 2022 में लगातार राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए, लेकिन आवेदन पत्र रिजेक्ट होने के कारण वे चुनाव नहीं लड़ पाए। इनके अलावा भिवानी महेंद्रगढ लोकसभा से बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ा। हिसार लोकसभा से भी चुनाव के लिए अपना नामाकंन करवा चुका है। इसी तरह भिवानी विधानसभा से भी एमएलए का चुनाव के लिए नामाकंन कर चुके है। खैर वह बात दिगर है कि वे जीत नहीं पाए।



> कहा, इतिहास के पन्नों में नाम अंकित करवाना चाहता हूं
> ■
> एक बार मौका मिला तो हर विभाग के कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करवाउंगा

**हॉकीः ओडिशा को 3-2 से हराया**

### हरियाणा ने जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

**जालंधर (भाषा)।** हरियाणा ने अंतिम क्वार्टर में 3 गोल दागकर शनिवार को यहां एक रोमांचक फाइनल में ओडिशा को 3-2 से हराकर जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप जीत ली। पंजाब ने उत्तर प्रदेश को शूटआउट में 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता। फाइनल के दूसरे क्वार्टर में ओडिशा ने दीपक प्रधान (17वें मिनट) और प्रताप टोप्पो (19वें मिनट) की मदद से लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 2-0 की बढ़त बना ली। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ। लेकिन हरियाणा ने मैच के अंतिम क्वार्टर में खेल का रुख पलट दिया। चिराग (50वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरियाणा के लिए पहला गोल किया और अगले ही मिनट में उनके साथी नितिन (51वें मिनट, 60वें मिनट) ने एक मैदानी गोल करके मैच बराबरी पर ला दिया। इसके कुछ ही क्षण बाद मैच के अंतिम मिनट में नितिन ने दो डिफेंडरों को चकमा देते हुए हरियाणा के लिए विजयी गोल दागा।

> ■ चिराग ने एक और नितिन ने दो गोल दागे

**भिवानी पुलिस की कार्रवाई**

### मनीषा मामले में हर्ष छिक्कारा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** भिवानी में मनीषा की मौत के मामले में न्याय की मांग कर रहे सोनीपत के हर्ष छिक्कारा पर भिवानी पुलिस ने 'भड़काऊ भाषण' देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। इसकी जानकारी खुद हर्ष छिक्कारा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो जारी कर दी। छिक्कारा ने बताया कि उनके घर के सामने पुलिस की एक गाड़ी भी पहुंची थी, हालांकि उस वक्त वह घर पर मौजूद नहीं थे। उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा- धन्यवाद सरकार आपका, न्याय मांगने वालों को आप इतना अच्छा इनाम देते हो। सेक्टर-23 सोनीपत निवासी छिक्कारा ने साफ किया कि वे पीड़ित और शोषित लोगों के लिए हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। उनके मुताबिक, अगर किसी बहन के हक के लिए बोलना अपराध है, तो वे यह अपराध बार-बार करेंगे। उनहोंने कहा कि मैं अपराधी नहीं हूं.पुलिस के सामने हाजिर होने के लिए हमेशा तैयार हूं।

> ■ भिवानी में भड़काऊ भाषण दिया

**जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक**

### 3 और 4 सितंबर को होगी 2 स्लैब स्ट्रक्चर पर फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक 3-4 सितंबर को होने वाली है। इस बैठक में मंत्री समूह (जीओएम) द्वारा दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत को बरकरार रखने के प्रस्ताव पर फैसला होगा। परिषद की यह बैठक केंद्र द्वारा जीएसटी कराधान व्यवस्था के ढांचे को वर्तमान चार स्लैब से दो स्लैब में बदलने के बड़े पैमाने पर प्रयास के बीच हो रही है। छह सदस्यीय जीओएम का नेतृत्व करने वाले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुसार हमने दो स्लैब वाले जीएसटी स्ट्रक्चर की सिफारिश की है और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद को सौंप दी हैं। जीओएम ने सहमति व्यक्त की कि नई व्यवस्था के तहत मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य एक सरल और अधिक पारदर्शी जीएसटी व्यवस्था की ओर बढ़ना है। देश में वर्तमान में चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाला जीएसटी सिस्टम लागू है।

> ■ 5 और 18 प्रतिशत स्लैब ही रहेंगे





**आह्वान** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर बोले मोदी, भविष्य के मिशनों के लिए तैयार रहें

*भारत अंतरिक्ष यात्रियों का ग्रुप बना रहा, युवा इसका हिस्सा बने*

# अगला कदम अंतरिक्ष का गहन अन्वेषण
# 2035 तक तैयार होगा भारतीय स्पेस स्टेशन

**नई दिल्ली (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरिक्ष वैज्ञानिकों से मानवता के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े रहस्यों से पर्दा उठाने के लिए एक गहन अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक वीडियो संबोधन में मोदी ने घोषणा की कि भारत भविष्य के मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह बनाने की तैयारी कर रहा है और उन्होंने युवाओं से इस समूह का हिस्सा बनने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, 'हम चंद्रमा और मंगल तक पहुंच चुके हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हुए हैं।' हम चंद्रयान-4 और शुक्र ऑर्बिटर मिशन शुरू करने जा रहे हैं। 2028 तक हम भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का पहला मॉड्यूल लॉन्च कर देंगे, जो 2035 तक पूरी तरह से चालू हो जाएगा।

#### लगातार उपलब्धि हासिल कर रहे



मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद दूसरी उपलब्धि हासिल करना अब भारत और उसके वैज्ञानिकों की स्वाभाविक विशेषता बन गई है। प्रधानमंत्री ने देश भर के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, छात्रों और नीति निर्माताओं को संबोधित करते हुए कहा, ' हमारा क्षितिज आकाशगंगाओं से भी परे है। अनंत ब्रह्मांड हमें बताता है कि कोई भी सीमा अंतिम सीमा नहीं है और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी, नीतिगत स्तर पर कोई अंतिम सीमा नहीं होनी चाहिए।'

#### प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति कर रहे

भारत विद्युत प्रणोदन और अर्ध-क्रायोजेनिक इंजन जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। आप वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत की बदौलत, भारत जल्द ही गगनयान मिशन लॉन्च करेगा और अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनाएगा।'' प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से यह प्रश्न किया कि क्या अगले पांच वर्षों में पांच स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन सकते हैं। उन्होंने अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से कहा, 'मैं चाहूंगा कि निजी क्षेत्र आगे आएं... क्या हम उस मुकाम तक पहुंच सकते हैं जहां हम हर साल 50 रॉकेट प्रक्षेपित कर सकें?'

## खबर संक्षेप

### गोवंश का सम्मान बढ़ा रही सरकार: डॉ. शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में गौवंश के सम्मान के संकल्प को प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गम्भीरता से पूरा कर रही है। आज प्रदेश सरकार गौशालाओं में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो काम कर रही है, उसे जन-जन महसूस कर रहा है। उन्होंने गोहाना व आसपास के इलाके की गौशालाओं को 4 करोड़ 70 लाख रुपए के चारा अनुदान राशि के चेक सौंपे।

### डॉ. रूपम शंधू एशिया प्रशांत क्षेत्रीय समिति के लिए निर्वाचित

**चंडीगढ़।** डॉ. रूपम शंधू को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय समिति (2025–2028) के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है। इस समिति में भारत के साथ मलेशिया, मंगोलिया, म्यांमार, फिलीपींस और मालदीव भी शामिल हैं। डॉ. रूपम शंधू, जो वर्तमान में हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की राज्य आयुक्त (गाइड) हैं, का चयन नई दिल्ली में आयोजित एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन में लोकतांत्रिक मतदान प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। इस वर्ष भारत द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में 23 देशों से 200 से अधिक युवा महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सीएम ने सभी जिलों के अधिकारियों को दिए निर्देश, प्रदेश को और अधिक स्वच्छ बनाएं

# केंद्र के स्वच्छ सर्वेक्षण की तर्ज पर हरियाणा के सभी शहरों की स्वच्छता रैंकिंग करवाई जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों से 'टीम हरियाणा' के रूप में कार्य करने का आह्वान किया ताकि प्रदेश को अग्रणी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश को और अधिक स्वच्छ, सुन्दर व हरा-भरा बनाने और स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द ही केंद्र के स्वच्छ सर्वेक्षण की तर्ज पर हरियाणा के सभी शहरों की स्वच्छता रैंकिंग शुरू की जाएगी। स्वच्छता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में नवनिर्मित स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान का उद्घाटन करने के बाद सभी जिलों के अतिरिक्त उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त, जिला नगर आयुक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व प्रधान चिकित्सा अधिकारी सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्तों ने वीडियो कांन्फ्रैसिंग के माध्यम से भाग लिया। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव भी उपस्थित रहे।



### स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान के नए भवन का उद्घाटन किया



**पंचकूला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को पंचकूला के सेक्टर-3 में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। यह भवन 50 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव भी उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान उच्च गुणवत्ता वाले थिंक टैंक की भूमिका निभाएगा, जो हरियाणा सरकार को अत्याधुनिक नीति सलाह, डेटा-आधारित और नवाचारी समाधान प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह हमारे वित्तीय निर्णयों की रीढ़ बनेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान का विजन सातवीं राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों और वर्ष 2030 तक के सत्त विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रति हरियाणा की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

**प्रदेश की सड़कों पर बेसहारा पशु नजर न आए**

मुख्यमंत्री ने शहरों में बेसहारा पशुओं की समस्या का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि सड़कों पर एक भी बेसहारा पशु नहीं रहना चाहिए, यदि एक भी गौवंश सड़कों पर नजर आए तो उसे तुरंत गौशालाओं में भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि सभी नागरिक अस्पतालों में निजी अस्पतालों की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि लोगों को ईलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए सभी जिला अस्पतालों को सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजीटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और टैस्टिंग लैब इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुज्जित किया जा रहा है।

**छोटी से छोटी शिकायत का समाधान किया जाए**

सीएम ने कहा कि अगामी 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक प्रदेश भर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जागरूकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की स्वच्छता को लेकर छोटी से छोटी शिकायत का तुरंत समाधान किया जाए ताकि लोगों का विश्वास सरकार में और अधिक बढ़े। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों में आरडब्ल्यूए तथा अन्य सामाजिक संगठनों को भी शामिल किया जाए।

**जनता के जीवन को सुगम बनाना उद्देश्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के लोगों के जीवन को सुगम बनाना व सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि वे एक टीम के रूप में कार्य करते हुए समाज हित में अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करें।

# सीएम ने फतेहाबाद की 67 गोशालाओं को सौंपे 7 करोड़ 2 लाख के चेक



**फतेहाबाद।** गोशाला संचालकों को चारा अनुदान राशि के चेक प्रदान करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार गौ संरक्षण और गौ संवर्धन के लिए लगातार काम कर रही है। प्रदेश में गौशालाओं को चारे के लिए वित्तीय अनुदान के साथ-साथ उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को जिला फतेहाबाद में श्री कृष्ण गौशाला, बड़ोपल में गौशालाओं को चारा अनुदान राशि वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री ने राजेंद्रानंद महाराज को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके जीवन को प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिला की 67 गौशालाओं को 7 करोड़ 2 लाख रुपये के चारा अनुदान राशि के चैक गौशाला प्रबंधकों को सौंपे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश की 605 गौशालाओं के लिए कुल 88 करोड़ 50 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की जा रही है।

**श्री राजेंद्रानंद महाराज होगा केंद्र का नाम**

मुख्यमंत्री ने गांव बड़ोपल के विकास के लिए 21 लाख रुपये देने और बड़ोपल में वन्य जीव उपचार केंद्र का नाम श्री राजेंद्रानंद महाराज के नाम पर करने की घोषणा की। साथ ही मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए रखी गई 6 मांगों को विभागीय स्तर पर फिजिबिलिटी चैक करने उपरांत पूरा करने की भी घोषणा की। समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण और पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गोशाला बड़ोपल को 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

# काम में लापरवाही, सीएम ने सिरसा में जनस्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन कार्यकारी अभियंता को चार्जशीट करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को सिरसा में अधिकारियों की बैठक ली और जिले की लंबित परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या अड़चन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग द्वारा गांव माखोसरानी में लाला लाजपत राय विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना में देरी व बैठक से गैरहाजिर रहने पर विभाग के संबंधित अधिकारी पर मुख्यमंत्री ने विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह कार्यों में लापरवाही के लिए उन्होंने सिरसा में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में तत्कालीन कार्यकारी अभियंता रहे भानु प्रताप को चार्जशीट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए ट्यूबवेल लगाकर जलापूर्ति की जाए। इस कार्य की प्रगति की रिपोर्ट डेली बेसिस पर दी जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि सिरसा की 41 में से 22 कॉलोनियों को वैध घोषित किया गया है। इसमें एनडीसी जारी करने के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि अधिकारी जानबूझ कर कोताही करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### मंत्री पंवार ने हरियाणा गोशाला महासंघ को दी बोलेरो गाड़ी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की अगुवाई में हरियाणा सरकार ने प्रदेश में गोरक्षा और गोसंवर्धन की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हरियाणा सरकार और गौ सेवा आयोग गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। गोशालाओं में सोलर संयंत्र लगाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा गौशालाओं को गायों के चारे और शेड निर्माण समेत विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता भी व्यापक पैमाने पर की जा रही है। पंवार शनिवार को पानीपत में मडलौडा स्थित अपने कार्यालय पर हरियाणा गौशाला महासंघ को अपने निजी कोष से एक बोलेरो गाड़ी को झंडी दिखाने उपरांत बोल रहे थे। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत में अपने निवास पर लोगों की समस्याएं भी सुनीं।



# छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी हेडमास्टर गिरफ्तार, शिक्षा विभाग ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

असंध खंड के जींद रोड स्थित सरकारी स्कूल के हेडमास्टर दयानंद पर गंभीर आरोप लगे हैं। हेडमास्टर पर स्कूल की 10 नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोप सामने आए हैं। मामले के उजागर होते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शनिवार को अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया। वहीं, शिक्षा विभाग ने भी आरोपी हेडमास्टर को निलंबित कर दिया है।

**शुरुआत और शिकायत**

मामला 18 अगस्त से शुरू हुआ, जब आधी छुट्टी के दौरान एक छात्रा क्लास में टिफिन रख रही थी। तभी हेडमास्टर ने उसके साथ गलत हरकत की। बच्ची करीब ढाई महीने बाद स्कूल आई थी और डर के कारण तुरंत कुछ नहीं बता सकी। 20 अगस्त को छात्रा ने अपनी मां को सारी सच्चाई बताई। इसके बाद परिवार ने स्कूल जाकर आरोपी से झगड़ा किया और महिला थाना असंध में शिकायत दर्ज कराई।

**एससी/एसटी और पोक्सो एक्ट के तहत केस**



छेड़छाड़ का आरोपी हेडमास्टर

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा ताकि पीड़ित छात्राओं को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**पहले भी कर चुका था अश्लील हरकतें**

डीएसपी गोरखपाल राणा ने बताया कि आरोपी हेडमास्टर दयानंद जिले के अलेवा गांव का रहने वाला है। जब वह पहली बार इस स्कूल में आया था, तब भी उसने इसी तरह की हरकतें की थीं। उस समय मामला दबा दिया गया था, लेकिन अब पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया है। पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि आरोपी की पत्नी कैंसर पीड़ित थी और कुछ समय पहले उसकी मौत हो चुकी है। पत्नी की मौत के बाद से ही आरोपी का व्यवहार बिगड़ गया और वह लगातार छात्राओं से गलत हरकतें करता रहा। छात्राएं डर के कारण चुप रहीं, लेकिन अब सब सच सामने आ गया है।

**काउंसलिंग में खुला राज**

शिकायत के बाद पुलिस ने सीडब्ल्यूसी की टीम के साथ पीड़ित छात्राओं की काउंसलिंग करवाई। काउंसलिंग में सामने आया कि यह हरकत केवल एक ही छात्रा के साथ नहीं हुई थी, बल्कि अन्य छात्राएं भी इसकी शिकार रही हैं। 14 में से 10 छात्राओं ने आरोपी पर छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए।

### सरकार गोसंरक्षण के लिए प्रतिबद्ध : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने नारायणगढ़ खंड में पांच गोशालाओं को लगभग 34 लाख रुपये के चेक वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गोसंरक्षण और गौशालाओं के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। पांच गौशालाओं को चारे और अन्य सुविधाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

# 25 हजार रुपये रिश्वत लेने के मामले में दादरी के एएसआई को 3 साल कैद, 10 हजार जुर्माना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार द्वारा आरोपी पुलिस एएसआई विक्रम सिंह, थाना सदर दादरी के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय हिसार द्वारा 3 वर्ष का कारावास और 10,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। 29 अप्रैल 2022 को शिकायतकर्ता ने एसीबी हिसार को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके भाई सुरेन्द्र उर्फ सिटु के खिलाफ झगड़े को लेकर दादरी में केस दर्ज किया। इस अभियोग की तफतीश एएसआई विक्रम द्वारा की जा रही है। आरोप विक्रम उपरोक्त उस पर उसके भाई को अभियोग की तफतीश में पेश करने के लेकर दबाव बना रहा है। जब शिकायतकर्ता द्वारा अपने भाई सुनील कुमार को सदर थाना चरखी दादरी में एएसआई विक्रम के सम्मुख पेश किया तो आरोपी द्वारा उसके भाई का पुलिस रिमांड न लेने की एवज में उससे 25000 रुपये रिश्वत की मांग की गई। शिकायतकर्ता की शिकायत पर राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आरोपी एएसआई को शिकायतकर्ता से 25,000 रिश्वत राशी लेते गिरफ्तार किया गया था।

**अदित्य देवीलाल बोले**

### सदन में कांग्रेस ने कानून व्यवस्था पर चर्चा क्यों नहीं की



**चंडीगढ़।** विधानसभा में इनेलो विधायक दल नेता अदित्य देवीलाल ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कानून व्यवस्था पर चर्चा करने की अपील की है। उन्होंने पहले मनीषा की हत्या और दो दिन पहले एक 13 साल की लड़की की हत्या समेत प्रदेश में गैंगस्टरों द्वारा लगातार व्यापारियों को धमकी देने, फिरौती मांगने, लूटपाट करने, अपहरण करने, सरेआम गोलियों से निर्दोश लोगों की हत्या करने, बेटियों के साथ किए जा रहे बलात्कार जैसे मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरना था। कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने चर्चा क्यों नही की? प्रदेश में खत्म हो चुकी कानून व्यवस्था पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं था तो ऐसे में कांग्रेस द्वारा सदन के साढ़े चार घंटे खराब करने का मकसद सिर्फ बीजेपी को बचाने का था।

बीजेपी और कांग्रेस मिलकर नूरा कुश्ती कर रही हैं। कांग्रेस नहीं है, भूपेंद्र सिंह हुड्डा का गिरोह है जो बीजेपी की नाकामियों को छिपाने का काम कर रहा है। आज हरियाणा की कानून व्यवस्था बिहार से भी बदतर हो चुकी है। मनीषा की मौत मामले में सरकार सीबीआई जांच देकर लीपापोती कर रही है। आज तक जितनी भी सीबीआई जांच हुई है क्या एक भी जांच का नतीजा आया है? बीजेपी की सरकार में जितनी भी सीबीआई जांच हुई हैं उसपे एक श्वेत पत्र जारी करें।

**पिछले सत्र से सबक लेकर लाइव प्रसारण पर शिकंजा**

# नियमों में बदलाव, विस सत्र को सोशल मीडिया पर शेयर करने और सीधे प्रसारण पर रोक

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के इस बार के मानसून सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने लाइव प्रसारण को लेकर नियमों में बदलाव कर दिया है। टीवी चैनलों को लाइव के लिए विधिवत परमिशन लेनी होगी साथ ही विधानसभा की कार्यवाही का लाइव प्रसारण सोशल मीडिया पर डालने पर भी रोक लगा दी गई है। हरियाणा विधानसभा के पांच माह पहले सत्र के दौरान सूबे की नायब सैनी सरकार में मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा और भाजपा के ही विधायक रामकुमार गौतम में एक विषय को लेकर बहस हो गई थी। इस दौरान गौतम ने जहां मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए थे, वहीं मंत्री ने सभी बातों का जवाब दिया था। पुराने घटनाक्रम और फजीहत से सबक लेते हुए विस अध्यक्ष ने आने वाले वक्त के लिए ठोस व्यवस्था दे दी है।

अहम बात यह है कि विधानसभा सचिव की ओर से 22 अगस्त सत्र के पहले ही दिन सर्कुलर का हवाला देते हुए विस अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए आदेश का जिक्र करते हुए साफ कर दिया है कि अब लाइव प्रसारण वही कर सकेंगे, जिन चैनलों के पास में परमिशन होगी। जारी आदेशों की कॉपी, चैनलों व संस्थानों को भेजा गया है। साफ किया गया है कि वेब, चैनल सोशल मीडिया को परमिशन नहीं दी गई है। जिन्हें परमिशन दी गई है, उनको वाटर मार्क, अपने चैनल का नाम देना होगा और हरियाणा विधानसभा का लोगो प्रयोग करना होगा। जिन चैनलों को परमिशन दी गई है, उन्हें भी आगे लिंक देने की इजाजत नहीं है।

**एक दूसरे पर लगाए थे गंभीर आरोप, सदन की मर्यादा हुई थी भंग**

हरियाणा विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान हरियाणा सरकार में मंत्री और वरिष्ठ नेता डा. अरविंद शर्मा और विधायक भाजपा रामकुमार गौतम के बीच में बहस हो गई थी। इस दौरान दौरान एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए थे, मामला इतना बढ़ा था कि असंसदीय शब्दों का प्रसारण लाइव हो गयाय और सदन में जमकर हंगामा हुआ था। दादा गौतम और मंत्री डा. अरविंद शर्मा के बीच में हुई बहस आज तक वायरल हो रही है। सदन में पांच माह पहले दादा गौतम ने गोहाना की जलेबियों को लेकर कहा था कि लोगों को गुमराह किया जा रहा है, देसी घी के नाम पर लोगों को डालडा घी खिलाया जा रहा है, उन्होंने लोगों को खाने पीने की चीजों को लेकर सतर्क किया था। साथ ही उन्होंने खुद की भी चुटकी ली थी साथ ही कहा कि दो तरह के लोग हैं, एक वो जो कड़वाल से गढ़वाल भैंस की धार निकाल लें वो अरविंद शर्मा साथ ही कहा कि दूध देने वाली भैंस को नाराज कर दे, वो है, रामकुमार गौतम। मार्च में हुए सत्र के दौरान डॉक्टर अरविंद शर्मा ने भी सख्त शब्द बोल दिए और कहा था कि रामकुमार गौतम कै तो ना जाणै के बीमारी है, जलेबी मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तारी हैं। शर्मा यहीं नहीं थमे थे और गौतम पर असंसदीय शब्द बोल दिए थे। इस पर स्पीकर ने भी हंसते हुए विस की कार्यवाही से शब्द हटा दिए थे। बाद में गौतम ने शर्मा को नसीहत दी साथ ही कहा कि वक्त की बात है, तुम मंत्री बन गए। गौतम ने मंत्री अरविंद शर्मा पर गंभीर आरोप लगा दिए थे।

**स्पीकर के आदेशों का पालन नहीं किया**

पत्र में साफ कर दिया गया है कि स्पीकर विधानसभा हरविंद्र कल्याण द्वारा जारी आदेशों का पालन नहीं करने वाले चैनलों द्वारा प्रसारण में नियमों का उल्लंघन किया गया, तो उनको दी गई पर्मिशन पर रोक लगा दी जाएगी। कुल मिलाकर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष द्वारा जारी आदेशों के बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म संचालकों व अन्य कई द्वारा विधानसभा में संपर्क साधा गया, लेकिन विस सख्ती के मूड में हैं।

**एक दशक में पहली बार कांग्रेस आक्रामक**

मानसून-सत्र के दौरान पहले ही दिन सदन की कार्यवाही की शुरुआत में हंगामा, शोरगुल और कांग्रेस के सभी विधायक आक्रामक दिखाई दिए। जमकर नारेबाजी और हंगामे के बीच चर्चा यह भी रही कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा सख्ती का असर विस में दिखाई दे रहा है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी नेता अनुराग ढांडा ने तो चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस कर सीधे सीधे आरोप लगा दिए थे कि कांग्रेस के नेता सत्ताधारी भाजपा नेताओं के साथ में मिले हुए हैं। बताया जा रहा है कि इस तरह की खबरें दिल्ली दरबार तक भी जा पहुंची हैं। जिसके बाद में कांग्रेस विधायकों को विपक्ष की भूमिका ठीक ढंग से निभाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**कुमारी सैलजा ने कहा**

### बढ़ता क्राइम चिंताजनक, बैखोफ होकर वारदात कर रहे बदमाश

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने प्रदेश में बढ़ती अपराध की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा में प्रस्तुत आंकड़े यह दर्शाते हैं कि हरियाणा में रोजाना औसतन 3 हत्याएं, 11 अपहरण, 4 दुष्कर्म और 4 छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही हैं। यह स्थिति बेहद गंभीर और चिंताजनक है। प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था को देखकर लग रहा है कि अपराधी बेखौफ होकर सरेआम वारदातों को अंजाम दे रहे है और सरकार आंख बंद करके बैठी है। चौराहे पर बैठे पुलिसकर्मी वाहनों के चालान काटने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, जबकि उन्हें अपराधियों पर भी निगाह रखने चाहिए। सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह असफल रही है। महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रही हिंसा और अपराध यह साबित करते हैं कि सरकार अपराध नियंत्रण में नाकाम है। सांसद ने कहा कि आज प्रदेश की जनता भय और असुरक्षा के माहौल में जी रही है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पूरी तरह खतरे में है। प्रदेश सरकार केवल कागजों में योजनाएं और आंकड़े गिनाने में व्यस्त है, जबकि धरातल पर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। मनीषा की मौत का मामला पुलिस प्रशासन ने उलझाकर रख दिया अगर पहले ही सतर्कता दिखाई होती तो वह बच सकती थी। सैलजा ने कहा कि उद्योगपतियों में इतनी दहशत बढ़ती जा रही है कि उद्योग धंधे पलायन करने लगे हैं।



■ महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही हिंसा साबित करते हैं कि सरकार अपराध नियंत्रण में नाकाम है

**खबर संक्षेप**

### नागरिक अस्पताल में नौकरी दिलवाने के नाम पर तीन युवकों से ठगी

**अंबाला।** अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में नौकरी लगवाने के नाम पर कर्मचारियों पर ही रुपए लेने और फर्जी दस्तावेज देने का मामला उजागर हो गया। पहले एक मामले में अस्पताल प्रबंधन जांच कर रहा है। अब इस मामले में दो और लड़के तथा एक लड़की सामने आए हैं। इस मामले में उन्होंने अस्पताल प्रशासन से शिकायत भी की है। जिसके बाद अब अस्पताल प्रशासन जांच की बात कह रहा है।नए शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाए कि पैसे लेकर उन लोगों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड से जुड़ा नियुक्ति पत्र भी दिया है। ठगी का शिकार हुए दीपक, कुनाल और खुशी ने इस संबंध में अंबाला कैंट पीएमओ डॉ. पूजा पेंटल को एक लिखित में शिकायत भी दी है। पीएमओ ने कहा कि वह सोमवार को इस मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करेंगी। पीएमओ ने कहा कि यदि कोई अस्पताल का स्टाफ ही आरोपी पाया जाता है तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए पुलिस में भी शिकायत दी जाएगी। यह मामला काफी गंभीर है। शिकायत में खुशी ने कैंट के नागरिक अस्पताल में दो माह नौकरी करने के बाद वेतन न मिलने की बात कही है। ऐसे में देखना है कि आखिर अस्पताल के जिस तीन कर्मचारियों पर आरोप लग रहे हैं वो जांच के दौरान क्या खुलासा करते हैं।

## तीन बदमाश घर का गेट खोलकर अंदर घुसे और गोलियां चलानी शुरू कर दी

# पैरोल पर चल रहे गैंगस्टर रोहित कालिया पर घर में घुसकर फायरिंग, कमर में गोली लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- हमलावरों का नहीं लगा सुराग
- हत्या के प्रयास मामले में 12 साल सजा काट चुका
- प्रोपर्टी डीलर से रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था

भजन का बाग मोहल्ला में शनिवार सायं सशस्त्र बदमाशों ने पैरोल पर चल रहे गैंगस्टर रोहित उर्फ कालिया के घर में घुसकर फायरिंग कर दी। हमले में एक गोली कालिया को कमर में लगी। उसे शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। सीआईए की टीम ने भी बदमाशों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। संदीफ उर्फ कालिया एक मामले में जेल में बंद चला आ रहा था। उसे जीता गैंग का सदस्य माना जाता है। वह करीब तीन माह पहले ही पैरोल पर जेल से बाहर आया था। इससे पूर्व एक प्रॉपर्टी डीलर से रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। उसका सिर मुंडवाने के बाद पुलिस ने स्कर्ट पहनाकर उसे बाजार में घुमाया था। शनिवार को रोहित उर्फ कालिया व उसकी मां राजकुमारी घर पर थे। इसी दौरान तीन बदमाश गेट खोलकर उसके घर में घुस गए। बदमाशों को देखकर रोहित घर के अंदर की ओर भागने लगा। इसी दौरान बदमाशों ने चार राउंड गोलियां चलाई। एक गोली रोहित की कमर में लगी। इसी दौरान उसकी मां ने शोर मचा दिया। आसपास के लोग वहां एकत्रित हो गए। बदमाश भीड़ एकत्रित होते देख वहां से फरार हो गए। पड़ोस के लोगों ने रोहित को सामान्य अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन बाद में उसे शहर के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। घटना के बाद भजन का बाग दहशत का माहौल बन गया। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएग।



**रेवाड़ी।** अस्पताल में उपचाराधीन कालिया।



**रेवाड़ी।** अस्पताल के बाहर मौजूद डीएसपी व पुलिस कर्मी।

### बदमाशों की पहचान से किया इनकार

पुलिस सूत्रों के अनुसार रोहित कालिया ने बदमाशों की पहचान के बारे में कुछ भी पता होने की बात से इनकार किया है। सूचना मिलने के बाद डीएसपी संदीप श्योराण, सिटी पुलिस व सीआईए की टीमें मौके पर पहुंच गई। कालिया के खिलाफ विभिन्न थानों में 22 मामले दर्ज हैं। वह हत्या के प्रयास मामले में 12 साल जेल काट चुका है। प्रॉपर्टी डीलर से पिस्टल प्वाइंट पर रंगदारी मांगने के आरोप में करीब 6 माह पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। फिलहाल सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। डीएसपी के अनुसार बदमाशों का पता लगाने के लिए टीमों को मैदान में उतार दिया गया है। जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# फसल मुआवजा वितरण के फर्जीवाड़े में पटवारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- खरीफ 2021 की फसल नुकसान में फर्जीवाड़ा कर दिलवाया था मुआवजा, पहले भी हो चुकी है एक गिरफ्तारी

वर्ष 2021 में प्राकृतिक आपदा के कारण फसलें खराब होने के बाद मुआवजा राशि वितरण में हुए करोड़ों के फर्जीवाड़े के मामले में फतेहाबाद पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक पटवारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बाबूराम निवासी ढाणी काजल हेडी के रूप में हुई है, जो उस समय पटवारी के पद पर कार्यरत था और इस घोटाले का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2021 में प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो गई थी। इसकी भरपाई के लिए सरकार द्वारा वर्ष 2022 में मुआवजा राशि वितरित की गई थी। जांच में सामने आया कि इस प्रक्रिया के दौरान कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपात्र व्यक्तियों को मुआवजा दिलवाया, जिससे सरकारी खजाने को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पहले इस मामले में कमलजीत नामक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, और अब उसी केस में पटवारी राजेन्द्र प्रसाद की गिरफ्तारी भी कर ली गई है।



**फतेहाबाद।** मुआवजा वितरण फर्जीवाड़े में गिरफ्तार पटवारी।

### राजस्व रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर फर्जी दावे किए तैयार

जांच अधिकारी उपनिरीक्षक हनुमान के मुताबिक, राजस्व रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर फर्जी दावे तैयार किए गए, जिनके आधार पर मुआवजा राशि जारी की गई थी। जांच अधिकारी का कहना है कि मामले में अनेक अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आ सकती है, जिसकी गहनता से जांच जारी है।

# लोहे की पाइप हाइटेंशन तार से टकराई करंट लगने से एक की मौत, दो झुलसे

- किसान के खेत में ट्यूबवेल लगाते समय हादसा

**बवानीखेड़ा।** गांव किरावड़ में शुक्रवार शाम किरावड़ निवासी एक किसान के खेत में ट्यूबवेल लगाते समय खेत के पास से निकल रही 11 केवी की बिजली की लाइन से लोहे के पाइप से बनी तिपाई का संतुलन बिगड़ गया तथा वह बिजली के तारों से जा टकराई। जिसके कारण वहां कार्य कर रहे तीन व्यक्तियों को करंट लग गया। काम कर रहे तीन मजदूर झुलस गए। जिन्हें तोशाम के निजी अस्पताल में उपचार के लिए जाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। उनमें से 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जिसे भिवानी के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही एचसी सतीश कुमार अपनी टीम सहित पहुंचे तथा मृतक युवक के शव को भिवानी के नागरिक अस्पताल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। पुलिस में दिए गए लिखित ब्यान में जमालपुर निवासी साहिल ने बताया कि उसका भाई 21 वर्षीय आकाश व दो अन्य गांववासी रामधन व दिलबाग ट्यूबल लगाने के लिए मेहनत मजदूरी करते हैं। वे तीनों मजदूरी के लिए पास ही के गांव किरावड़ की ढाणी के एक किसान महेंद्र की खेत में लगा रहे थे तथा उसके खेत में से तोशाम से रतेरा की ओर 11 केवी की बिजली की लाइन जा रही थी। वीरवार शाम को लोहे की पाइपों से बनी तिपाही जिस पर काम कर रहे थे अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया तथा वह बिजली के तारों से टकरा गई।

# पांडू पिंडारा में स्नान करने उतरा युवक डूबा

**जींद।** गांव पांडू पिंडारा में शनिवार को अमावस्या पर तीर्थ स्नान करने उतरे युवक की डूबने से मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव राहडा कैथल निवासी अजय शनिवार को अमावस्या पर पूजा अर्चना के लिए गांव पांडू पिंडारा तीर्थ पर आया हुआ था। तीर्थ में नहाते समय वह रेलिंग के पार चला गया और गहराई में समा गया। तीर्थ में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं की नजर डूब रहे अजय पर पड़ी। जिन्होंने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन सफलता नही मिली। जिसके बाद तीर्थ में रेसक्यू अभियान चला कर अजय का तीर्थ से बाहर निकाल नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन तथा सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।



**जींद।** तीर्थ स्थल के सरोवर में बचाव अभियान चलाते गोताखोर व अन्य युवक।

# बीएसएफ सब इंस्पेक्टर शमशेर सिंह को सैनिक सम्मान के साथ दी विदाई

**नरवाना।** गुजरात के दांतीवाड़ा में बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर के रूप में तैनात उझाना गांव निवासी शमशेर सिंह का अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। शनिवार को सैन्य सम्मान के साथ पैतृक गांव उझाना में शमशेर सिंह का अंतिम संस्कार किया गया। शमशेर सिंह ने 1990 में बीएसएफ ज्वाइन की थी और इस समय 22 बटालियन बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत थे। गत दिवस शमशेर सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। बीएसएफ की टुकड़ी इंस्पेक्टर संदीप के नेतृत्व में शमशेर सिंह का शव लेकर शनिवार को यहां पहुंची। यहां बीएसएफ की टुकड़ी ने शमशेर सिंह को सलामी दी। गढ़ी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार भी मौके पर पहुंचे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



**नरवाना।** एसआई को सलामी देते बीएसएफ कर्मी इनसेट में शमशेर सिंह का फाइल फोटो।





COMBAT READY CREDIBLE COHESIVE AND FUTURE READY FORCE

Safeguarding National Maritime Interests - Anytime - Anywhere - Anyhow



JOIN AS SHORT SERVICE COMMISSION OFFICERS FOR VARIOUS ENTRIES
COURSE COMMENCING - JUNE 2026 (AT 26)

Online applications are invited from unmarried men & women candidates for grant of Short Service Commission in Executive, Education and Technical Branches at Indian Naval Academy (INA), Ezhimala, Kerala.

| Branch/Cadre | Vacancies* | Gender |
|---|---|---|
| Executive Branch {GS (X) / Hydro Cadre} | 57 (including 05 Hydro) | Men and Women (maximum of 06 Vacancies in GS (X) and 02 Vacancy in Hydro, for women) |
| Pilot | 24 | Men and Women (maximum of 03 vacancies for women) |
| Naval Air Operations Officer (Observers) | 20 | Men and Women (maximum of 03 vacancies for women) |
| Air Traffic Controller (ATC) | 20 | Men and Women |
| Logistics | 10 | Men and Women (maximum of 01 vacancy for women) |
| Naval Armament Inspectorate Cadre (NAIC) | 20 | Men and Women |
| Law | 02 | Men and Women |
| Education | 15 | Men and Women |
| Engineering Branch {General Service (GS)} | 36 | Men and Women (maximum of 05 vacancies for women) |
| Electrical Branch {General Service (GS)} | 40 | Men and Women (maximum of 06 vacancies for women) |
| Naval Constructor | 16 | Men and Women |
| Total | 260 | |

*These vacancies are tentative and may be changed depending on availability to training slots.

DATE OF OPENING - 09 AUG 2025 / LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION - 01 SEP 2025

For eligibility criteria and details visit www.joinindiannavy.gov.in

Employment News Dated 16th August 2025



Scan this QR Code to Apply Online



CBC 10701/13/0012/2526

## सीआरपीएफ के जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के मिनपा सीआरपीएफ की 22 वीं बटालियन में तैनात एक जवान ने ड्यूटी के दौरान स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जवान मोर्चा में संतरी ड्यूटी पर तैनात था तभी उसने स्वयं को गोली मार ली। घटना नक्सल प्रभावित मिनपा सीआरपीएफ कैम्प का है। बताया जा रहा है कि जवान एक दिन पूर्व ही छुट्टी समाप्त कर वापस ड्यूटी पर लौटा था। मृतक जवान का नाम शशिभूषण है जो कि बिहार का रहने वाले था। घटना दोपहर लगभग दो बजे की बताई जा रही है। गोली की आवाज सुनकर कैम्प में हड़कम्प मच गया। मोर्चा की ओर से गोली की आने के बाद गोली की आवाज सुनकर नक्सली हमले की आशंका से बाकी जवान सावधानी से मोर्चे की तरफ बढ़े और मौके पर पहुंचने पर उसे खून से लथपथ हालत में पाया उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। गोली उसके सिर के आर पार हो गई थी। घटना के बाद जवानों ने तुरंत उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई। घटना की पुष्टि करते हुए एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जवान ने अपने एलएमजी (लाइट मशीनगन) से स्वयं को गोली मार ली है।

### 30 दिन जेल में रहने पर मंत्री- मुख्यमंत्री पद से हटाने का है प्रावधान

# पीएम और सीएम को बर्खास्त करने वाले विधेयक पर बंट गया विपक्ष?

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्र सरकार हाल ही संपन्न हुए संसद के मॉनसून सत्र में पीएम-सीएम को बर्खास्त करने वाला एक नया बिल लेकर आई है। विरोध के बाद अब इस बिल के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाई जाएगी। जेपीसी में सभी दलों के सांसद होंगे। वे कानून पर विचार करेंगे और अपनी राय देंगे। इस कानून के तहत अगर किसी मंत्री या मुख्यमंत्री को 30 दिन के लिए जेल हो जाती है, तो उन्हें अपने पद से हटा दिया जाएगा। विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कई दल इस कानून का विरोध कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि इस कानून पर संसद में चर्चा हो। हालांकि, इस कानून को लेकर विपक्ष में मतभेद हो गया है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अलग रुख अख्तियार किया है।

### जेपीसी में शामिल नहीं होंगे टीएमसी सांसद

#### टीएमसी चाहती है बहिष्कार

तृणमूल कांग्रेस इस ज्वाइंट पर्लियामेंट्री कमिटी में शामिल नहीं होना चाहती है। टीएमसी का कहना है कि इस कानून का विरोध करना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी चाहती है कि जेपीसी का बहिष्कार किया जाए। लेकिन बाकी विपक्षी दल चाहते हैं कि वे पैनल में रहें। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मोदी सरकार को विपक्ष शासित राज्यों को निशाना बनाने का हथियार न मिले।



#### कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन की अलग राय

कांग्रेस को पैनल में 4-5 सीटें मिलने की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन में शामिल डीएमके और समाजवादी पार्टी ने भी जेपीसी में शामिल होने की इच्छा जताई है। हालांकि, अब कांग्रेस को सहयोगी टीएमसी के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

#### अब क्या करेगी टीएमसी

इस बैठक में एक वरिष्ठ टीएमसी नेता ने कहा कि विपक्ष को जेपीसी से दूर रहना चाहिए। लेकिन एक छोटे दल के सदस्य ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि जेपीसी ही एकमात्र ऐसा मंच है जहां विपक्ष अपनी बात रख सकता है और असहमति भी दर्ज करा सकता है।

#### इंडिया की अगली रणनीति पर निगाहें

हालांकि, जवाब में यह बताया गया कि जेपीसी की कार्यवाही ने एक बड़ा उद्देश्य पूरा किया। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान उनका उल्लेख किया था। फिलहाल विपक्ष हाल ही संपन्न हुए मॉनसून सत्र में एकजुट रहने में कामयाब रहा। लेकिन सत्र के अंतिम दिन पेश किए गए तीन विधेयकों ने कुछ दरारें पैदा कर दीं। अब देखना होगा कि टीएमसी क्या अपने रुख में कोई बदलाव करेगी।

## 'टिकटॉक अनब्लॉक करने का कोई आदेश नहीं दिया'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चीन के टिकटॉक और अलीएक्सप्रेस की वेबसाइट्स भारत में फिर से खुलने लगी हैं। हालांकि सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भारत सरकार ने टिकटॉक को अनब्लॉक करने का कोई आदेश जारी नहीं किया है। अनब्लॉक करने की खबरें फर्जी हैं।

वहीं इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'शहीदों के बलिदान की कीमत पर चीन के साथ सौदा करने' का आरोप लगाया।

#### प्रतिबंध अभी भी लागू : सरकारी सूत्र

भारत सरकार ने टिकटॉक पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए कोई आदेश जारी नहीं किया है। सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कोई भी खबर या बयान पूरी तरह से झूठा और भ्रामक है। सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों पर टिकटॉक के अनब्लॉक होने की खबरें निराधार हैं। जून 2020 में, भारत सरकार ने डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के मुद्दों का हवाला देते हुए टिकटॉक, अलीएक्सप्रेस सहित 59 चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया था।

#### कांग्रेस के आरोपों के बीच सरकार की ओर से आई सफाई




*टिकटॉक और अलीएक्सप्रेस की वेबसाइट भारत में ऐक्सेस*

*बता दें कि टिकटॉक, अलीएक्सप्रेस और शीन जैसे चीनी ऐप्स की वेबसाइट्स भारत में आंशिक रूप से ऐक्सेस हो रही हैं। टिकटॉक की वेबसाइट केवल होमपेज तक ही ऐक्सेस प्रदान कर रही है, जबकि टिकटॉक का मोबाइल ऐप अभी भी पूरी तरह से भारत में प्रतिबंधित है। वहीं, ऑनलाइन शॉपिंग दिग्गज अलीबाबा.कॉम के अलीएक्सप्रेस की वेबसाइट भी चल रही है।*

## न्यूयॉर्क में भारतीय-चीनी यात्रियों से भरी बस पलटी

**एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत, रेसक्यू जारी**



एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में एक टूर बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच लोगों की मौत की हो गई है। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने यह जानकारी दी. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह दुर्घटना जेनेसी काउंटी के पेमब्रोक में इंटरस्टेट 90 पर हुई, जब 50 से अधिक यात्रियों को लेकर बस शुक्रवार को नियाग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क शहर लौट रही थी। न्यूयॉर्क राज्य पुलिस के प्रवक्ता जेम्स ओ'कैलाघन ने कहा, 'इस समय, हमारे पास कई लोगों की मौत, कई लोगों के फंसने और कई लोगों के घायल होने की सूचना है।'

उन्होंने आगे कहा कि कुल मौतों और घायलों की संख्या अभी भी निर्धारित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब बस के चालक ने 'पूरी गति' से गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और बस में सवार हर यात्री के शरीर में चोट के निशान हैं। बस 'बहुत क्षतिग्रस्त' हो गई थी; दुर्घटना के समय गाड़ी से कई यात्री बाहर निकल गए थे, लेकिन चालक 'जिंदा और स्वस्थ' था।

#### हेलीकॉप्टर से पहुंचाए गए अस्पताल

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने 'एक्स' पर कहा कि उन्हें 'दुखद टूर बस दुर्घटना' के बारे में जानकारी दे दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी टीम राज्य पुलिस और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है, जो 'इसमें शामिल सभी लोगों को बचाने और सहायता प्रदान करने' के लिए काम कर रहे हैं। नॉनप्रॉफिट एयर मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विस प्रोवाइडर मर्सी फ्लाइट ने कहा कि उसके तीन हेलीकॉप्टर दुर्घटनास्थल से लोगों को क्षेत्रीय अस्पतालों तक पहुंचा रहे हैं।

#### बस में ज्यादातर विदेशी नागरिक

बस में 52 यात्री सवार थे। इसमें ज्यादातर परिवार फिलिपीनी, भारतीय और चीनी मूल के थे। हादसे के बाद कई यात्री बस से बाहर गिर गए जबकि कुछ मलबे के नीचे दब गए। रिपोर्ट के मुताबिक आंखों देखी बताने वाले एक स्थानीय नागरिक ने कहा कि 'सड़क पर चारों तरफ कांच और लोगों का सामान बिखरा पड़ा था, खिड़कियां पूरी तरह टूट चुकी थीं.'

## पारंपरिक कृषि पद्धतियों और प्रौद्योगिकी का तालमेल कृषि को आत्मनिर्भर बना सकता है: भागवत

**छत्रपति संभाजीनगर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि भारत आधुनिक प्रौद्योगिकी को पारंपरिक कृषि पद्धतियों और पशुपालन के साथ मिलाकर तथा देशी मवेशी पालन करके कृषि में आत्मनिर्भर बन सकता है। भागवत ने यहां ज्येष्ठ पशुवैद्य प्रतिष्ठान के 28वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया, जहां किसानों, पशु चिकित्सा स्नातकों और विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताएं भारत के लिए कृषि में आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। उन्होंने कहा, ''कृषि और पशुपालन की भारतीय पद्धतियों के साथ आधुनिक पद्धतियों को मिश्रित करने से किसानों को लाभ होगा और देश आत्मनिर्भरता प्राप्त करेगा।'' भागवत ने कहा कि पशु चिकित्सकों को उन जीवों के दर्द को समझने की कला आती है, जो न तो बोल सकते हैं और न ही इलाज के दौरान विरोध कर सकते हैं, फिर भी वे उन्हें ठीक कर देते हैं। उन्होंने कहा, ''प्राचीन पशु चिकित्सा विशेषज्ञ शालिहोत्र ने घोड़े की आयु और गुण निर्धारित करने का विज्ञान बताया था। यह परंपरा हमारे लिए गर्व की बात है।'' आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि यदि जहां आवश्यक हो, पश्चिमी तकनीक और आधुनिकता को अपनाया जाए और भारतीय कृषि एवं पशुपालन पद्धतियों के साथ समन्वय किया जाए, तो किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी मवेशियों और पारंपरिक कृषि प्रणालियों में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''भारतीय कृषि के आधुनिक स्वरूपों को विकसित करके हम कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकते हैं।'' इस अवसर पर, पशुपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कृषकों और पशु चिकित्सा स्नातकों को आदर्श किसान, आदर्श पशुपालक, उत्कृष्ट पशुचिकित्सक और आदर्श प्राध्यापक जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पशु चिकित्सा विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित किया गया और एक स्मारिका का विमोचन किया गया। ज्येष्ठ पशुवैद्य प्रतिष्ठान के अध्यक्ष अशोक दीवान ने संगठन के कठिन परिस्थितियों से लेकर प्रमुखता तक की यात्रा पर प्रकाश डाला।



## 4.80 करोड़ का सोना लेकर भागा कार चालक गिरफ्तार

**इंदौर।** मप्र पुलिस ने गुजरात के एक कारोबारी के 4.80 करोड़ रुपए के सोने के जेवरात लेकर महीने भर पहले भागे कार चालक और उसके एक साथी को राजस्थान से शनिवार को गिरफ्तार किया। राजस्थान के जालोर जिले से मसरू रबारी (25) और उसके साथी प्रेमपाल सिंह देवड़ा (28) को गिरफ्तार किया गया। रबारी, अहमदाबाद के जेवरात कारोबारी धर्मेंद्र जयंतीलाल की उस कार का चालक है।

**NOTICE**

I, Kaina Singh D/o Varun Narwal R/o House No.1438, Sector-4 Extension, Rohtak-124001 (Haryana), declare that my name mentioned in passport is Kaina Singh and my passport number is S3471178. I want to change my name from Kaina Singh to Kaina Narwal in my passport. In future I will be known as Kaina Narwal.

**NOTICE**

I, Varun S/o Shri Joginder Singh R/o House No. 1438, Sector-4 Extension, Rohtak-124001 (Haryana), declare that my name mentioned in passport is Varun and my passport number is N0724003. I want to change my name from Varun to Varun Narwal in my passport. In future I will be known as Varun Narwal.

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Meenu**
Civil Judge (Senior Division),Jhajjar
**Lajwanti W/o Rajender Parshad**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRJR02-001587-2023
Next Date : 15.10.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
**General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 20.08.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Narender Singh**
Additional District and Sessions Judge, Sonipat
**AJAY SHARMA**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRSO01-003852-2025
Next Date : 13.10.2025
It is prayed that will dated 07.11.1988 executed by bequathing property under the will in favour be declared genuie and valid. Probate for the same my be granted in favour of the petitioner
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **13.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Additional District and Sessions Judge, Sonipat
Dated, this day of 20.08.2025

## शुभेंदु की नजर ममता की भवानीपुर सीट पर, तृणमूल नंदीग्राम पर दे रही खास ध्यान

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बिसात नए सिरे से बिछाई जा रही है जहां विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने अपनी नजरें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर पर टिका दी हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने भाजपा नेता के गढ़ नंदीग्राम पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सूत्रों के अनुसार, अधिकारी ने बूथ स्तर की ताकत और कमजोरियों का पता लगाने के लिए भवानीपुर में एक ₹विशेष सर्वेक्षण₹ शुरू किया है, जिसमें पता लगाया जा रहा है कि 2021 में मुख्यमंत्री बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कहां बढ़त बनाई और कहां पिछड़ गई। भाजपा के एक नेता ने कहा, ₹शुभेंदु अधिकारी का रुख स्पष्ट है; ममता बनर्जी को भवानीपुर में खुली छूट नहीं मिलेगी। हम हर मतदाता का विवरण जुटा रहे हैं और इस निर्वाचन क्षेत्र में एक विशेष कार्यालय बनाने पर भी विचार कर रहे हैं।₹ हाल में बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की संभावना पर अधिकारी ने आगाह किया था, इस बार हजारों फर्जी नाम हटाए जाएंगे। हम इस बार इस सीट पर ममता बनर्जी की हार सुनिश्चित करेंगे।₹ इसके विपरीत, तृणमूल कांग्रेस चुपचाप लेकिन लगातार नंदीग्राम में अपनी रणनीति बदल रही है, जहां 2021 में शुभेंदु अधिकारी के साथ ममता की भिड़ंत में अधिकारी 1,956 वोटों से जीते थे। इसका परिणाम अभी भी अदालत में लंबित है। तृणमूल सूत्रों ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी सहित शीर्ष नेताओं ने शुभेंदु अधिकारी के क्षेत्र में ₹पैठ बढ़ाने₹ के लिए जिला नेताओं और ब्लॉक स्तर के नेताओं के साथ लगातार बैठकें शुरू कर दी हैं।

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। |
| वृष | आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। |
| मिथुन | आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। |
| कर्क | आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा। |
| सिंह | मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। |
| कन्या | परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा। |
| तुला | आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं। |
| वृश्चिक | धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। |
| धनु | वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे। |
| मकर | दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। |
| कुंभ | क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। |
| मीन | नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें। |

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

*मौसेरा भाई ही निकला पांच साल के बच्चे का कातिल*

## सूरत से किडनैपिंग, मुंबई में मर्डर एसी कोच के टॉयलेट में फेंका शव

**मुंबई।** मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब खड़ी कुशीनगर एक्सप्रेस के एसी कोच बी-2 के टॉयलेट से करीब 5 साल के मासूम का शव बरामद हुआ। ट्रेन की सफाई के दौरान कर्मचारियों को शव दिखा, जिसके बाद तत्काल सूचना रेलवे पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी ने शव को बाहर निकाल पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए राजावाड़ी अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि बच्चे का अपहरण सूरत से किया गया।मुंबई में मर्डर के बाद एसी कोच के टॉयलेट में शव फेंक दिया गया। प्रारंभिक जांच में मृतक का मौसेरा भाई आरोपी बताया जा रहा है।

#### पुलिस कर रही जांच

इस घटना ने मामले को अपहरण से हत्या की दिशा में मोड़ दिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी बच्चे को लेकर मुंबई कैसे पहुंचा और उसकी हत्या किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें सक्रिय हैं। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार मूल रूप से बिहार के सिवान जिले का रहने वाला है, जो रोजगार के सिलसिले में गुजरात के सूरत में बसा हुआ था। इस सनसनीखेज वारदात ने न सिर्फ स्थानीय पुलिस बल्कि रेलवे सुरक्षा एजेंसियों को भी चौकन्ना कर दिया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश कुमार** पुत्र श्री राजेश कुमार निवासी गांव व डाकखाना धनाना, थाना भिवानी सदर, भिवानी, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 45/2024 धारा 419/420/120-बी भा.द.स. थाना साइबर सेंट्रल, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दिनेश कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दिनेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 45/2024 धारा 419/420/120-बी भा.द.स. थाना साइबर सेंट्रल, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दिनेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **13.10.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री करणबीर सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02 (केंद्रीय)**
**कमरा नं. 26, मुख्य न्यायालय भवन,**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

DP/11286/CD/2025

## शब्द पहेली - 5967




**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5966 का हल**





## उपराष्ट्रपति पद के इंडी प्रत्याशी सुदर्शन का शाह को जवाब

# पहले 40 पन्नों का जजमेंट पढ़ें, मेरा नहीं अदालत का था फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सलवा जुडूम फैसले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हर नागरिक के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करना उनका कर्तव्य है। रेड्डी ने कहा कि मैं भारत के माननीय गृह मंत्री के साथ सीधे तौर पर इस मुद्दे पर नहीं जुड़ना चाहता।

उनका संवैधानिक कर्तव्य और दायित्व वैचारिक मतभेदों के बावजूद, प्रत्येक नागरिक के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करना है। दूसरी बात, मैंने फैसला लिखा है। यह फैसला मेरा नहीं है, यह फैसला सर्वोच्च न्यायालय का है। रेड्डी ने कहा कि उनकी इच्छा है कि अमित शाह 40 पन्नों का फैसला पढ़ें। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने फैसला पढ़ा होता तो शायद वह यह टिप्पणी नहीं करते। मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं और यहीं खत्म करता हूं। बहस में शालीनता होनी चाहिए।

रेड्डी ने कहा कि उनका संवैधानिक कर्तव्य और दायित्व वैचारिक मतभेदों के बावजूद, प्रत्येक नागरिक के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करना है।

वह फैसला मेरा नहीं बल्कि सर्वोच्च न्यायालय का था



### शाह ने उन पर नक्सलवाद का समर्थन करने का लगाया था आरोप

#### शाह ने कहा था- वामपंथी उग्रवाद को मदद करने वाला फैसला दिया

केंद्रीय गृह मंत्री ने रेड्डी पर हमला करते हुए कहा था कि विपक्ष के प्रत्याशी सुर्दशन रेड्डी वही हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद को मदद करने के लिए सलवा जुडूम का जजमेंट दिया था और अगर ये जजमेंट न दिया गया होता तो वामपंथी नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। यही सज्जन हैं, जिन्होंने विचारधारा से प्ररित होकर सलवा जूडुम का जजमेंट दिया था। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी, वामपंथी दलों के दबाव में एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है जिसने नक्सलवाद का समर्थन किया और सुप्रीम कोर्ट जैसे पवित्र मंच का इस्तेमाल किया।

**मैं संघ की विचार धारा से असहमत राधाकृष्णन से नहीं**

रेड्डी ने कहा कि यह लड़ाई नहीं है, यह विचारों का टकराव है। दूसरा पक्ष प्रचार कर रहे थे कि यहां एक व्यक्ति है, जो जीवन भर आरएसएस का एक पूर्ण सदस्य रहा है, तो मैं उस विचारधारा से असहमत हूं। सीपी राधाकृष्णन से नहीं। राधाकृष्णन और मेरे बीच कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। हम एक-दूसरे से कभी मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता था कि यह एक सभ्य प्रतियोगिता हो, व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच



### सुप्रीम कोर्ट का था सलवा जुडूम पर फैसला

उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी का नक्सल फैसले पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री के साथ इस मुद्दे पर बहस में शामिल नहीं होना चाहता। उन्होंने कहा कि बहस में शालीनता होनी चाहिए। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सुदर्शन रेड्डी के सलवा जुडूम फैसले की आलोचना की गई थी। इस पर सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि सलवा जुडूम पर फैसला सुप्रीम कोर्ट का था, मेरा नहीं।

### सामाजिक-आर्थिक नीतियां बनाने के लिए हो जाति सर्वेक्षण

जाति सर्वेक्षण को लेकर सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि यह सर्वेक्षण सामाजिक-आर्थिक नीतियां बनाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की रक्षा करने का प्रयास करेंगे जो निस्संदेह चुनौती का सामना कर रहा है। विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि लोकतंत्र कुछ और नहीं बल्कि संवाद है।

### लोकतंत्र दबाव में चल रहा

सुदर्शन रेड्डी ने से कहा कि लोकतंत्र में एक कमी है। हम अब भी संवैधानिक लोकतंत्र हैं, लेकिन दबाव में हैं। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि दो अलग विचारधाराओं के बीच मुकाबला है। रेड्डी ने कहा कि मेरी सर्वसम्मत उम्मीदवारी विविधता, सर्वसम्मत पसंद, 64 फीसदी से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली मतदान शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है।

---

## पहाड़ों पर मानसूनी बारिश बरपा रही कहर, मचाई भारी तबाही

# उत्तराखंड के थराली में बादल फटा, एक की मौत, 80 घरों में 2 फीट तक मलबा भरा



एजेंसी ▶▶ देहरादून

*उत्तराखंड में पिछले 18 दिनों में बादल फटने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 5 अगस्त को धराली में बादल फटा था, जिसमें 5 की मौत हुई और 100 से ज्यादा लापता हुए। उस वक्त भी सैकड़ों घरों को भारी नुकसान पहुंचा था।*

उत्तराखंड में चमोली जिले के थराली में शुक्रवार देर रात बादल फट गया। हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ। आसपास के दो गांव सागवाड़ा और चेपड़ों में भारी नुकसान हुआ। थराली तहसील मुख्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कई जगहों पर तबाही मच गई क्योंकि स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। चेपड़ों गांव में एक व्यक्ति लापता है, जबकि सागवाड़ा में एक घर पर मलबा गिरने से एक लड़की दब गई थी। कुछ घंटो बाद उसका शव बरामद कर लिया गया। दोनों गांवों में मिलाकर कुल 70-80 घरों में करीब 2 फीट तक मलबा घुस गया। थराली को जोड़ने वाला कर्णप्रयाग-ग्वालदम नेशनल हाईवे मिंग गधेरा के पास मलबा आने के कारण बंद हो गया है। उत्तराखंड में पिछले 18 दिनों में बादल फटने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 5 अगस्त को धराली में बादल फटा था, जिसमें 5 की मौत हुई और 100 से ज्यादा लापता हुए। उधर मौसम विभाग ने शनिवार को 19 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया। उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड में मध्यम बारिश होने की संभावना है।

**राज्य में अब तक 295 मौतें हो चुकीं**

### स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा



### अलकनंदा और भागीरथी खतरे के निशान के ऊपर

उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में लगातार भारी बारिश के कारण अलकनंदा और भागीरथी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके चलते रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। चमोली जिला प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

### झारखंड में भारी बारिश से पांच लोगों की मौत

**रांची/सरायकेला (भाषा)।** झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश से संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए तथा एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पलामू, गढ़वा और चतरा जिलों के लिए रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक अत्यधिक भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जबकि लातेहार, रांची, खूंटी, लोहरदगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात सरायकेला-खरसावां जिले में एक मकान ढहने से एक महिला और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि राजनगर प्रखंड के दांडू गांव में हुई इस घटना में आठ लोग घायल भी हुए हैं।

### जलभराव की समस्या

#### राजस्थान में भारी बारिश से दो लोगों की मौत



**जयपुर (भाषा)।** लगातार मूसलाधार बारिश से राजस्थान के कुछ हिस्सों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और बारिश जनित हादसों में दो महिलाओं की मौत हो गई। भारी बारिश से जलभराव के चलते सैकड़ों लोगों को सुरक्षित इलाकों में पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। इससे कई शहरों में निचले इलाकों में पानी भर गया तथा सड़क और रेल संपर्क बाधित हुआ है। जलभराव के कारण कई गांवों का संपर्क टूट गया। उन्होंने बताया कि कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर और टोंक में बाढ़ जैसी स्थिति है। कोटा में शुक्रवार को सेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) द्वारा राहत अभियान चलाया गया।

### चेन्नई में सफाई कर्मचारी की करंट लगने से मौत

**चेन्नई (भाषा)।** चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवन्नामलाई जिलों सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में रातभर मध्यम से भारी बारिश हुई। पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के शहर में जमीन पर गिरे बिजली के तार पर एक सफाई कर्मचारी द्वारा अनजाने में पैर रखने के बाद करंट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वरालक्ष्मी नाम की सफाई कर्मचारी सुबह-सुबह सफाई करते समय कन्नगी नगर क्षेत्र में जमा पानी से होकर गुजर रही थी, जहां उसका पैर अनजाने में पहले से ही गिरे बिजली के तार पर पड़ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच, उसके परिवार को तत्काल 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया।

### जम्मू-कश्मीर : रियासी और कदुआ में वर्षा जनित घटनाओं में दो की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी और कठुआ जिलों में वर्षा जनित दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। वहीं, जम्मू के बाहरी इलाके में एक बस दुर्घटना में कम से कम 20 लोग घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। अधिकारियों के अनुसार, रियासी जिले के माहोर क्षेत्र में मलाई नाले के पास भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसमें एक ट्रक फंस गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में जमलान गांव निवासी शाहबाज अहमद की मौत हो गई, जबकि जावेद अहमद और अब्दुल गनी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे की है। घायलों को बचावकर्मियों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। कठुआ जिले में ड्रीमलैंड पार्क के पास उफान पर आई नदी को पार करते समय आई अचानक बाढ़ में एक कार बह गई। इस हादसे में रवि नामक व्यक्ति की मौत हो गई। एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने शव को बरामद कर लिया है।

---

## एडीआर की रिपोर्ट में दावा

# देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्रियों की सूची में नायडू फिर टॉप पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57% सिर्फ नायडू के पास, ममता के पास सिर्फ 15 लाख

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है। देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसका करीब 57% हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपये की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपये का कर्ज भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपये की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। 27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है। डेटा पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर हलफनामों से लिया गया है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है।

### अरुणाचल के मुख्यमंत्री सबसे ज्यादा कर्जदार

332 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे सबसे अमीर सीएम नंबर पर हैं। उनके पास करीब 165 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 167 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। हालांकि, खांडू कर्जदार मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उनके ऊपर 180 करोड़ रुपये से ज्यादा की देनदारी है। कर्नाटक सीए सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 21 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 30 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। सबसे कम संपत्ति वाले अन्य मुख्यमंत्रियों में जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला दूसरे नंबर पर हैं।

### 40% मुख्यमंत्रियों पर क्रिमिनल केस

देश के 30 मुख्यमंत्रियों में से 12 यानी 40% मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 10 यानी 33 फीसदी पर हत्या की कोशिश, किडनैपिंग और रिश्वतखोरी जैसे गंभीर केस हैं। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पर सबसे ज्यादा 89 मामले दर्ज हैं। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब सरकार तीन बिल लाई है, जिनमें गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिन की हिरासत में लिए जाने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद के लिए अयोग्य मान लिया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी पर केस

**पटना।** प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री राजद नेता



तेजस्वी यादव के खिलाफ तालबेहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता ने पोस्ट की कॉपी को मुकदमे में सबूत के तौर पर पेश किया है।

## गाजियाबाद में कुत्ते को खाना खिलाया

# डॉग लवर महिला पर युवक ने सरेआम बरसाए थप्पड़

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

यहां के विजय नगर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले सिद्धार्थ विहार के ब्रह्मपुत्र एनक्लेव सोसाइटी में आवारा कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर एक शख्स ऐसा भड़का कि उसने एक महिला को सरेआम थप्पड़ बरसा दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को संज्ञान में लेकर कारवाई की और सुसंगत धाराओं में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



### युवक ने महिला को रोकने की कोशिश की

यह घटना उस वक्त घटी जब एक डॉग लवर महिला सोसाइटी में आवारा कुत्तों को खाना खिला रही थी। इसी दौरान युवक ने महिला को रोकने की कोशिश की। महिला से उसकी बहस हो गई। फिर युवक महिला पर भड़क गया।

## मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस का मामला

# ट्रेन के टॉयलेट में मिला 5 साल के बच्चे का शव



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस के एसी कोच बी-2 के बाथरूम में कूड़ेदान के अंदर 5साल के बच्चे का शव मिलने से ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। रेलवे अधिकारियों और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

### अपहरण की कहानी आ रही सामने

शुरुआती छानबीन में यह पता चला कि बच्चे का अपहरण उसके ही रिश्तेदार ने किया था और इस मामले में मौसेरे भाई भी शामिल था। पुलिस ने घटनास्थल पर यात्रियों और कर्मचारियों के बयान दर्ज कर पूरे मामले की गंभीरता से पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अपहरण और हत्या दोनों पहलुओं पर गहन जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि बच्चे का अपहरण क्यों किया गया और उसकी हत्या किन परिस्थितियों में हुई।

### मुझे तूफानों से जूझने की आदत है, आसुरी शक्ति से नहीं डरती : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएण रेखा गुप्ता ने कहा है कि तूफानों से जूझना उनकी आदत है और वह किसी भी आसुरी शक्ति से नहीं डरती हैं। गुप्ता पर जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ था। इस घटना की मीडिया और राजनीतिक गलियारों में बड़े पैमाने पर चर्चा हुई थी। आरोपी राजेश खिमजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। गुप्ता एक कार्यक्रम में उन दिनों के बारे में बता रही थीं, जब वह दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ती थीं और छात्र संघ की अध्यक्ष थीं। रेखा ने कहा जब मैं डूसू की प्रेसीडेंट थी, तब एक प्रदर्शन के दौरान पुतला जलाया जाना था। मिट्टी का तेल न मिलने पर तब किसी ने पुतले में पेट्रोल डाल दिया।

भारत सरकार
आयुष मंत्रालय
आयुष भवन
बी ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023
वेबसाइट: www.ayush.gov.in

सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार न तो किसी आयुर्वेदिक, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथिक (एएसयूएंडएच) कम्पनी या उनकी दवा/औषधि को प्रमाणित/अनुमोदित करता है और न ही किसी आयुर्वेदिक, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथिक (एएसयूएंडएच) निर्माता/ कंपनी को बिक्री हेतु विनिर्माण का लाइसेंस प्रदान करता है। इसके अलावा, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, किसी एएसयूएंडएच दवा/औषधि की बिक्री हेतु विनिर्माण का लाइसेंस संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र लाइसेंसिंग प्राधिकरण (एसएलए) द्वारा प्रदान किया जाता है।

2. आयुष मंत्रालय एतद्द्वारा जनता को सूचित किया जाता कि-

i. ऐसी एएसयूएंडएच औषधियों का विज्ञापन करना अवैध है जिनमें रोगों के उपचार हेतु चमत्कारी या अलौकिक प्रभावों का दावा किया जाता है। इस तरह के विज्ञापन असत्यापित या झूठे दावों को बढ़ावा देकर जन-स्वास्थ्य को भ्रमित और खतरे में डाल सकते हैं।

ii. औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम, 1954 में कतिपय रोगों और अवस्थाओं के उपचार हेतु दवाओं और चमत्कारिक उपचारों के विज्ञापन पर कड़ी रोक लगाई गई है। यदि कोई भी व्यक्ति इस अधिनियम के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है तो कानून के तहत निर्धारित दंड का प्रावधान है।

iii. औषधि नियम, 1945 की अनुसूची ई-1 में उल्लिखित औषधियों युक्त आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) दवाओं का सेवन संबंधित आयुष चिकित्सा पद्धति के पंजीकृत चिकित्सक की देख रेख और मार्गदर्शन में किया जाना अनिवार्य है। ऐसी दवाओं के कंटेनर पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में **"चेतावनी-चिकित्सकीय देख रेख में ली जाए"** निर्देश लिखा होगा। आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे आयुष पद्धतियों के पंजीकृत चिकित्सकों से परामर्श करने के बाद ही ऐसी औषधियों का उपयोग करें।

iv. आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी (एएसयूएंडएच) दवाओं/औषधियों से स्वयं-निदान करने या स्वयं-दवा लेने से बचना चाहिए। यह सुझाव दिया जाता है कि स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए हमेशा पंजीकृत आयुष चिकित्सकों से परामर्श करें।

3. आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे एएसयूएंडएच दवाओं/औषधियों के संबंध में उपर्युक्त तथ्यों से अवगत रहें और ऐसी दवाओं/औषधियों के भ्रामक विज्ञापनों को संरक्षण देने से बचें। जनता से भी अनुरोध है कि ऐसे किसी भी आपत्तिजनक विज्ञापन, झूठे दावे, नकली दवा आदि की रिपोर्ट औषधि नीति अनुभाग, आयुष मंत्रालय (email: ayush-medicine@gov.in) तथा संबंधित राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को भेजें ताकि उचित कार्यवाही की जा सके।

आयुष मंत्रालय

J-11019/01/2017-DCC(AYUSH)

CBC-17201/11/0003/2526

## भारत ने रक्षा क्षेत्र में अमेरिका को दिया बड़ा झटका

### स्वदेशी फाइटर जेट और इंजन निर्माण में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी

# फ्रांस की सेवरन कंपनी और डीआरडीओ मिलकर करेंगे 'जेट इंजन' का विकास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ विवाद के बीच भारत ने अमेरिका को बड़ा झटका दिया है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और फ्रांस की कंपनी सेफरन मिलकर भारत में 120 केएन क्षमता वाला पावरफुल जेट इंजन विकसित करेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत को 100% टेक्नोलॉजी ट्रांसफर मिलेगा और इंजन की डिजाइन, विकास, टेस्टिंग, सर्टिफिकेशन और प्रोडक्शन पूरी तरह भारत में होगी। इस कदम से भारत का आत्मनिर्भर विमान निर्माण मजबूत होगा, जबकि अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की उम्मीदें इस प्रोजेक्ट पर टिकी थीं, जिससे उन्हें तगड़ा झटका लगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को इस डील की पुष्टि करते हुए बताया कि भारत ने पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट और स्वदेशी इंजन निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा लिया है। उन्होंने कहा कि शुरुआती एएमसीए यूनिट्स फिलहाल जीई-414 इंजन से उड़ान भरेंगी।



### परियोजना लागत 7 अरब डॉलर

इस डील से भारत और फ्रांस के बीच तकनीकी और राजनीतिक साझेदारी भी और मजबूत होगी। डीआरडीओ के अनुसार, इस परियोजना की लागत लगभग 7 अरब डॉलर होगी। शुरुआती एमसीएम यूनिट्स फिलहाल जीई-414 इंजन से उड़ान भरेंगी।

### भारत को 100% टेक्नोलॉजी ट्रांसफर मिलेगा

भारत ने अपने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ फाइटर जेट (एएमसीए) के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत में 120 केएन क्षमता वाला पावरफुल जेट इंजन विकसित किया जाएगा, जिसमें भारत को 100% टेक्नोलॉजी ट्रांसफर मिलेगा। इसका मतलब है कि इंजन का डिजाइन, विकास, टेस्टिंग, सर्टिफिकेशन और प्रोडक्शन पूरी तरह भारत में किया जाएगा, जिससे भारत का एयरोस्पेस क्षेत्र आत्मनिर्भर बनेगा।

**भविष्य में इंजनों का निर्माण भारत में होगा:** भविष्य में नए 120 केएन क्षमता वाले इंजन का उत्पादन पूरी तरह भारत में होगा। भारत ने अपने स्वदेशी फाइटर जेट और इंजन निर्माण में महत्वपूर्ण रणनीतिक सफलता हासिल की है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की कूटनीतिक मुलाकात को अमेरिका सहित दुनिया के अनेक मुल्कों द्वारा बड़ी हैरतअंगेज दृष्टि से देखा जा रहा है। सबसे बड़ी हैरत की बात है कि चीन के विदेशमंत्री वांग यी द्वारा पहले भारत का कूटनीतिक दौरा किया गया। उसके तत्पश्चात ही वह पाकिस्तान के दौरे पर गए। पाकिस्तान के ऊपर भारत को प्राथमिकता प्रदान करने वाला यह चीन का कूटनीतिक दृष्टिकोण एकदम अनोखा और नया है। यक्ष प्रश्न है कि अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक और रणनीतिक तनाव के नाजुक दौर में भारत द्वारा क्या चीन पर तहेदिल से यकीन किया जा सकता है? आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौर में हिन्दी-चीनी भाई-भाई का नारा बहुत जोर-शोर से बुलंद किया गया, किंतु वर्ष 1962 में भारत पर चीन द्वारा आक्रमण अंजाम देने के तत्पश्चात सरहद पर तल्ख विवाद के कारणवश दोनों देशों के मध्य कूटनीति रिश्ते कभी सामान्य और दोस्ताना नहीं हो पाए। अब ट्रंप के एकतरफ टैरिफ के बाद भारत और चीन अपनी ट्रेडकूटनीति को आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों देश मिलकर जहां ग्लोबल साउथ को मजबूत कर सकते हैं, वहीं एशिया का नेतृत्व भी कर सकते हैं। भारत, चीन व जापान में नई वैश्विक व्यवस्था गढ़ने का दम है। आजकल के ताजा अंक में पेश है भारत व चीन संबंध पर एक विश्लेषण...**

# सहयोग का इतिहास रचेंगे हिंदी-चीनी?



ट्रेडकूटनीति
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपी गई आक्रामक टैरिफ के कारण क्या भारत और चीन रणनीतिक और कूटनीतिक तौर पर निकट आ रहे हैं? राष्ट्रपति ट्रंप की खुशफहमी है कि भारत इतना अधिक शक्तिशाली नहीं है कि निर्णायक और प्रभावी तौर पर अमेरिका पर चीन की तर्ज ओ तरीके से पलटवार कर सकेगा। 19 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात अंजाम दी तो फिर दुनिया भर के जाने-माने डिप्लोमेट्स का नजरिया भारत के प्रति परिवर्तित होने लगा है। समस्त ऐतिहासिक शत्रुताओं के बावजूद भारत-चीन मित्रता विश्वपटल पर नया भविष्य रच सकती है, बशर्ते चीन द्वारा अपनी विस्तारवादी फितरत का परित्याग कर दिया जाए।**

जटिल प्रश्न है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपी गई आक्रामक टैरिफ के कारण क्या भारत और चीन रणनीतिक और कूटनीतिक तौर पर निकट आ रहे हैं? अमेरिका के विदेश मंत्री स्कॉट बेसेंट ने फरमाया कि 27 अगस्त से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ बाकायदा आयद कर दिया जाएगा। अमेरिका के नीति नियंता भारत को निरंतर धमकियां दे रहे हैं कि रूस से तेल का आयात जारी रखा गया तो फिर भारतीय निर्यात पर टैरिफ दरों को सौ प्रतिशत तक कर दिया जाएगा। यूरोप के कुछ कूटनीतिक विशेषज्ञों का मंतव्य है कि भारत की बहुरेखीय डिप्लोमेटिक रणनीति जबरदस्त तौर पर नाकाम सिद्ध हुई है। बाद में उनकी राय बदली है।

इस कूटनीतिक रणनीति के तहत भारत के लिए सभी देशों का दोस्त बन जाना और सभी के लिए अपरिहार्य बन जाने का उसका मकसद रहा है। लेकिन प्रायः सभी के लिए भारत कहीं अब गैरजरूरी तो नहीं बनता जा रहा है? यहां तक कि ऑपरेशन सिंदूर के काल में अमेरिका और रूस दोनों ने पाकिस्तान और भारत को एक ही तराजू में तोल दिया। चीन से दुश्मनी अंजाम दिए बिना राष्ट्रपति ट्रंप सिर्फ भारत पर ही टैरिफ आक्रमण अंजाम देकर धमकाते और धकियाते रहते हैं, क्योंकि संभावतया राष्ट्रपति ट्रंप इस गलतफहमी के शिकार रहे हैं कि अमेरिका विरुद्ध भारत की खामोशी और ट्रेड समझौता करने की चाहत उसकी कमजोरी है। राष्ट्रपति ट्रंप की खुशफहमी है कि भारत इतना अधिक शक्तिशाली नहीं है कि निर्णायक और प्रभावी तौर पर अमेरिका पर चीन की तर्ज ओ तरीके से पलटवार कर सकेगा। 19 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात अंजाम दी तो फिर दुनिया भर के जाने-माने डिप्लोमेट्स का नजरिया भारत के प्रति परिवर्तित होने लगा है।

## भारत की वैश्विक कूटनीति

कुछ जाने-माने विशेषज्ञ तो यहां तक कहने लगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदर ऐसी विरल रणनीतिक और कूटनीतिक हिम्मत विद्यमान है, जोकि यूरोपीय यूनियन के लीडरों के पास कदाचित मौजूद नहीं रही। तसव्वुर कीजिए, यदि ऐसा ही रणनीतिक अंदाज यूरोपीय यूनियन ने लीडरान द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध के निदान के लिए रूस के साथ कूटनीतिक मुलाकातें करने की खातिर अखित्यार किया होता तो फिर यूरोपीय यूनियन को रूस-यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थता करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की आवश्यकता कदापि नहीं पड़ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की कूटनीतिक मुलाकात को अमेरिका सहित दुनिया के अनेक मुल्कों द्वारा बड़ी हैरतअंगेज दृष्टि से देखा जा रहा है। सबसे बड़ी हैरत की बात है कि चीन के विदेशमंत्री वांग यी द्वारा पहले भारत का कूटनीतिक दौरा किया गया। उसके तत्पश्चात ही वह पाकिस्तान के दौरे पर गए। पाकिस्तान के ऊपर भारत को प्राथमिकता प्रदान करने वाला यह चीन का कूटनीतिक दृष्टिकोण एकदम अनोखा और नया है। यक्ष प्रश्न है कि अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक और रणनीतिक तनाव के नाजुक दौर में भारत द्वारा क्या चीन पर तहेदिल से यकीन किया जा सकता है? आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौर में हिन्दी-चीनी भाई-भाई का नारा बहुत जोर शोर से बुलंद किया गया, किंतु सन् 1962 में भारत पर चीन द्वारा आक्रमण अंजाम देने के तत्पश्चात सरहद पर तल्ख विवाद के कारणवश दोनों देशों के मध्य कूटनीति रिश्ते कभी सामान्य और दोस्ताना नहीं हो पाए।



## चीन की बुनियादी फितरत में विस्तारवाद

सन् 1949 में कम्युनिस्ट इंकलाब के बाद से ही चीन की बुनियादी फितरत बाकायदा विस्तारवादी अंदाज में निरंतर कायम बनी रही। सबसे पहले चीन ने 1959 में अनाधिकृत तौर पर तिब्बत पर आधिपत्य स्थापित किया। इसके बाद चीन ने लद्दाख के कुछ क्षेत्रों और अरुणाचलम (नेफा) पर अपने स्वामित्व का दावा पेश किया। 35000 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र के अक्साई चिन इलाके पर चीन का अनाधिकृत आधिपत्य कायम बना रहा। वर्ष 2020 में गलवान घाटी में रक्तरंजित सैन्य झड़प तत्पश्चात भारत-चीन संबधों में फिर से एक खराब दौर आया, किंतु तभी से दोनों मुल्कों द्वारा परस्पर संबंधों सामान्य स्थिति में लाने की खातिर निरंतर सैन्य और कूटनीतिक वार्ताएं जारी रखी गई हैं। भारत-चीन संबंधों में तल्खी और तनाव का एक कारण क्वाड गठबंधन भी रहा है जिसे चीन अपने विरुद्ध एक अमेरिकन गठजोड़ के तौर पर देखता है। चीन द्वारा अमेरिकन टैरिफ के बरखिलाफ सबसे सशक्त आवाज बुलंद की गई और राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी भाषा में सख्त प्रतिउत्तर पेश कर दिया। विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा को चीन के मीडिया द्वारा अत्यंत प्रमुखता के साथ पेश किया गया। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ चीनी विदेश मंत्री द्वारा सीमा विवाद पर महत्वपूर्ण चर्चा अंजाम दी गई।

## रणनीतियों में आएगा बुनियादी बदलाव

चीन के कूटनीतिक हल्कों में जोरदार चर्चा है कि डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीतियों के मद्देनजर भारत और चीन वस्तुतः अपनी रणनीतियों में अब बुनियादी बदलाव करना चाहते हैं और वांग यी की भारत यात्रा इसी व्यापक कूटनीतिक पहल का एक महत्वपूर्ण कदम है। चीन के जाने-माने डिप्लोमेट्स गुआंग का भी विचार है कि भारत और चीन के मध्य ताकतवर कूटनीतिक ताल्लुकात यकीनन ग्लोबल साउथ के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल साउथ टर्म का इस्तेमाल एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के विकासशील देशों के समूह के लिए किया जाता है। आखिर वांग यी की भारत यात्रा से ठोस उपलब्धि क्या हासिल हुई? इसके उत्तर में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ मिंग ने फरमाया कि चीन और भारत अनेक जटिल विवादित प्रश्नों को लेकर ठोस सहमति पर तकरीबन पहुंच चुके हैं। दोनों देशों के समक्ष सबसे जटिल प्रश्न है कि वैश्विक चुनौतियों का मिलकर सामना कैसे किया जाए और किसी भी मुल्क के धौंस और दबाव की रणनीति का कारगर एवं समुचित विरोध करने के लिए किस तरह एकजुट हुआ जाए। विश्वसनीय कूटनीतिक सूत्र यह भी बयान करते हैं कि सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए भी दोनों देशों ने अपनी सहमति व्यक्त की है। भारतीय कूटनीति सूत्रों ने दावा पेश किया कि चीन द्वारा भारत के ऊपर आयद किए गए अर्थ निर्यात नियंत्रण समाप्त कर दिए गए हैं। आधिकारिक तौर पर इस तथ्य की हालांकि बाकायदा पुष्टि नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि चीन द्वारा भारत को कुल फर्टिलाइजर्स का लगभग 30 प्रतिशत सप्लाई कराया जाता रहा है। ऑटोमोबाइल कॉम्पोनेंट्स के लिए अर्थ एलिमेंट्स और सड़क और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए जरूरी टनल बोरिंग मशीन भी चीन द्वारा भारत को निर्यात किए जाते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ मिंग ने दावा पेश किया कि भारत ने ताइवान को चीन का अभिन्न अंग निरूपित किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों को पहले की तरह जारी रखा जाएगा। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तिब्बत में यारलुंग सांगपो नदी, जिसे भारत में ब्रह्मपुत्र नदी कहा जाता है, के निचले इलाके पर चीन द्वारा निर्मित किए जा रहे मेगा डैम के निर्माण को लेकर भारत की गहन चिंताओं को चीन के विदेशमंत्री वांग यी के समक्ष पेश किया। वस्तुतः चीन के विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई कॉआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भागीदारी की तैयारी के संदर्भ में देखा जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के तकरीबन 100 देशों के विरुद्ध टैरिफ जंग शुरू की है। ट्रंप द्वारा टैरिफ आक्रमण में भारत को बख्शा नहीं गया है। इसके बावजूद कि विगत 25 वर्षों के दौर में भारत बेहद करीबी संबंध अमेरिका के साथ स्थापित कर चुका है। भारत यकीनन अत्यंत विवश होकर अमेरिकन प्रशासन के विरुद्ध सीधे टकराव की स्थिति में आ गया है, क्योंकि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदारी खत्म करने से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया गया है। इस वक्त भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के महत्व को बाकायदा समझ रहा है। भारत चीन के साथ संबंध सुधारने की अत्यंत संजीदा कोशिश अंजाम दे रहा है, ताकि विश्व पटल पर भारत को रणनीतिक गुंजाइश और नीतिगत लचीलापन हासिल हो सके। भारत अब अमेरिका द्वारा प्रदान किए गए जबरदस्त झटके के बाद ग्लोबल साउथ के बाजारों की तरफ नजर डाल रहा है, ताकि भारत को निर्यात के लिए अमेरिका के बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़े।

## ट्रंप से यूरोपीय यूनियन के लीडर भी आहत

इन दिनों तक अमेरिका के आक्रामक व्यवहार से यूरोपीय यूनियन के लीडर भी बहुत आहत हुए, जिनके साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इनफीरियर देशों की तरह से व्यवहार किया है और जबरदस्त आर्थिक नुकसान भी पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि विगत अनेक दशक से यूरोप वस्तुतः अमेरिका का पिछलग्गू बना रहा है। यूरोपीय यूनियन के अनेक बड़े लीडर तल्ख एहसास से गुजर रहे हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप तो रूस के साथ अपने संबंधों को बेहतर बना रहे हैं किंतु यूरोप ने रूस के साथ अपने संबंधों को बिगाड़ कर अपना बहुत अधिक आर्थिक नुकसान किया है। यूरोपीय यूनियन के लोग गहनता से महसूस करते हैं कि चीन के प्रति भारतीयों के मन में जिस तरह का शत्रु भाव व्याप्त रहा है, इस तरह का शत्रुतापूर्ण भाव यूरोप में रूस के विरुद्ध लेकर कदाचित विद्यमान नहीं रहा है, अर्थात भारत के लिए एक दोस्त के तौर पर चीन के साथ पेश आना, वस्तुत यूरोप की तुलना में राजनीतिक और कूटनीतिक तौर पर कहीं ज्यादा मुश्किल रहा है, किंतु भारत ने यह कूटनीतिक करनामा कर दिखाया है, किंतु यूरोप अभी भी एक तरह से रूस के साथ अपने डिप्लोमेटिक ताल्लुकात को लेकर कन्फ्यूज्ड भाव में डगमगा रहा है।

अब तो अमेरिका प्रशासन ने विश्व पटल पर ऐसे विकट हालात उत्पन्न कर दिए हैं कि भारत और चीन यदि निकट सहयोग नहीं करेंगे तो फिर गहन आर्थिक संकट के दलदल में धंस जाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विगत कार्यकाल में चीन के विरुद्ध ट्रेड वॉर का बिगुल बजाया गया था किंतु राष्ट्रपति ट्रंप के वर्तमान कार्यकाल में तो भारत को भी ट्रेड वॉर का निशाना बना दिया गया। समस्त ऐतिहासिक शत्रुताओं के बावजूद भारत-चीन मित्रता विश्वपटल पर नया भविष्य रच सकती है, बशर्ते चीन द्वारा अपनी विस्तारवादी फितरत का परित्याग कर दिया जाए। नए वर्ल्ड ऑर्डर की उम्मीद लगा सकते हैं।

# एससीओ में दिखना चाहिए भारत का प्रभाव



विश्लेषण
सुनील अमर
वरिष्ठ स्तंभकार

चीन के त्यानजिन में 31 अगस्त को होने जा रही शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक, अमेरिकी दखलअंदाजी से बदले हुए अन्तरराष्ट्रीय माहौल के कारण अहम बन गयी है। इसी कारण दुनिया भर के राजनीतिक पर्यवेक्षकों व कूटनीतिज्ञों की निगाहों का केन्द्र बिन्दु बनी हुई है। भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी भी इस बैठक में भाग लेंगे। पीएम मोदी के इस बैठक में भाग लेने को चीन काफी गम्भीरता से ले रहा है और माहौल को पॉजिटिव बनाने के लिए कई स्तर के प्रयास कर रहा है। नई दिल्ली आये चीनी विदेश मन्त्री ने अपने भारतीय समकक्ष से मुलाकात कर न सिर्फ आशाजनक बयान दिये हैं बल्कि सार्थक क्रियान्वयन करने का एक खाका भी खींच गए हैं। अरसे से स्थगित वीजा और हवाई सेवायें शुरू की जा रही हैं। दोनों तरफ से बने हुए इस खुशनुमा माहौल का क्या नतीजा निकलेगा, यह तो एक सितम्बर के बाद ही पता चलेगा।

चीन द्वारा लगातार पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण चीनी प्रभुत्व वाले एससीओ से भारत को कभी भी ज्यादा उम्मीदें नहीं रही हैं। वैसे तो एससीओ का गठन वर्ष 2001 में ही हो गया था लेकिन भारत और पाकिस्तान इसमें वर्ष 2017 में शामिल हुए। असल में सोवियत संघ के विखण्डन के बाद बने देशों में सीमा और अन्य तरह के विवाद हो रहे थे तो उनको एक मंच पर लाकर बात करने के लिए वर्ष 1996 में शंघाई फाइव नाम से एक संगठन बनाया गया जिसमें रूस और चीन के अलावा तत्कालीन सोवियत संघ से आजाद हुए कजाकिस्तान, किर्गिस्तान व ताजिकिस्तान देश शामिल थे। बाद में इसी को विस्तार देते हुए एससीओ बनाया गया जिसमें आज नौ देश शामिल हैं।

## एससीओ से सार्थक उम्मीद नहीं

इस संगठन में चीन का ही प्रभुत्व है। ध्यान देना होगा कि बीते जून माह में एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक थी, जिसमें भाग लेने गये भारतीय रक्षा मन्त्री ने वहां जारी साझा बयान को मानने और हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। भारत को आपत्ति थी कि एससीओ दोहरा मापदण्ड अपना रहा है। बयान में पाकिस्तान में हुए जाफर एक्सप्रेस आतंकवाद काण्ड की तो निन्दा की गयी थी लेकिन भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र भी नहीं किया गया था। भारत को इस संगठन से कभी भी कोई सार्थक उम्मीद नहीं रही है क्योंकि यह मुख्य रूप से चीन और रूस के हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया है। यही कारण है कि इस संगठन की आधिकारिक भाषा भी रुसी और चाइनीज ही है। भारत ने सुझाव दिया था कि इसमें अंग्रेजी को भी शामिल किया जाय लेकिन चीन नहीं माना।

## ट्रंप के व्यापार युद्ध का असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण करते ही मानों व्यापार युद्ध सा छेड़ दिया है। उन्हें शायद लगता है कि वे अमेरिका की हर समस्या को अन्य देशों पर व्यापार कर यानी टैरिफ थोप कर हल कर लेंगे। उनके इस व्यापार युद्ध का ही असर है कि चीन इस बार एससीओ की बैठक के लिए भारत के प्रति दुर्लभ किस्म की विनम्रता




दिखा रहा है। भारत में चीन के राजदूत सू फ्योंग ने जहां कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी का एससीओ बैठक में भाग लेना 'अत्यन्त महत्वपूर्ण' होगा और इसे सफल बनाने के लिए भारत और चीन के अधिकारियों का एक समूह लगातार काम कर रहा है। वहीं, अपने हालिया भारत दौरे पर आये चीनी विदेश मन्त्री वांग यी ने तो भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व विदेश मन्त्री एस जयशंकर से हुई वार्ता के बाद यहां तक कह दिया है कि दोनों देशों के बीच सीमा आदि के विवाद को सुलझाने के लिए दस सूत्रों पर सहमति बनी है और जिस पर काम करने के लिए दोनों तरफ से दो-दो ग्रुप बनाये जाएंगे, जो विवाद निपटाने व सीमा प्रबन्धन का कार्य देखेंगे।

ध्यान रहे कि चीन के साथ भारत की सबसे बड़ी समस्या दशकों पुराना युद्ध स्तरीय सीमा विवाद ही है। एससीओ में भाग लेने जा रहे प्रधानमन्त्री मोदी के एजेन्डे के लिए यद्यपि राजनीतिक, कूटनीतिक और राजनयिक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं फिर भी कुछ खास और जाने-सुने मुद्दे हैं जिन पर वहां उनके बात करने की संभावना बन सकती है। सात वर्षों बाद भारतीय प्रधानमन्त्री की चीन यात्रा का सबसे बड़ा उद्देश्य तो यही होगा कि दोनों देशों के बीच खत्म हो चुके आपसी भरोसे को फिर से बहाल किया जाए। इस दौरान लगभग ढाई दर्जन बार हो चुकी बेनतीजा सीमा सम्बन्धी द्विपक्षीय वार्ताओं को अब किसी सिरे तक पहुंचाने की कोशिशें हों। इसके अलावा रेयर अर्थ यानी दुर्लभ खनिज, उर्वरक, फार्मा व इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, सुरंग बनाने की मशीनें, कृषि क्षेत्र व वैकल्पिक ऊर्जा आदि बातचीत के विषय हो सकते हैं।

आतंकवाद व अलगाववाद जैसी समस्या से निपटना एससीओ की स्थापना का घोषित लक्ष्य है। देखना होगा कि इस बार चीन इस पर क्या रवैया अपनाता है। भारत यद्यपि ब्रिक्स व क्वाड जैसे अन्य कई बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठनों का सदस्य है, फिर भी चीनी प्रभुत्व के बावजूद एससीओ का उसके लिए महत्वपूर्ण है कि इससे मध्य एशिया की एनर्जी मार्केट में सीधा दखल तथा सुरक्षा सहयोग के अलावा क्षेत्रीय प्रभाव भी बनता है। इसके अलावा एससीओ देशों को मिलाकर लगभग 60 प्रतिशत यूरेशिया बनता है जिसमें तीन अरब से अधिक की विश्व आबादी रहती है। इसमें भारत, चीन, रूस और पाकिस्तान जैसे परमाणु सम्पन्न देश भी हैं। एससीओ में बातचीत का एक महत्वपूर्ण विषय व्यापारिक मार्गों की सुगमता का हो सकता है।

## बेहतर कनेक्टिविटी की चर्चा

इस सम्बन्ध में भारत अन्तरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरीडोर जिसे संक्षेप में आईएनएसटीसी कहा जाता है पर बेहतर कनेक्टिविटी यानी मार्ग संयोजन की चर्चा कर सकता है। यह लगभग 7200 किमी का समुद्र, सड़क और रेल मार्गों से बनने वाला रास्ता है और जिससे हिन्द महासागर, फारस की खाड़ी, कैस्पियन सागर और यहां से फिर रेल व सड़क मार्ग से रूस के सेंट पीटर्सबर्ग होकर उत्तरी यूरोप जुड़ता है। इस मार्ग से समय व धन की बचत होती है। एससीओ में भारत इस बात को भी प्रमुखता से रख सकता है कि इसे रूस-चीन का सुरक्षा कवच वाला संगठन बनाये रखने के बजाय सदस्य देशों के बृहत्तर उद्देश्यों के लिए विस्तारित किया जाए।

संभावना तो इस बात की ज्यादा है कि चीन घुमा-फिराकर अपने व्यापारिक लाभ की बातों को ही आगे रखेगा फिर भी कुल मिलाकर उम्मीद यही रखनी चाहिए कि भारत ने जो तेवर एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में बयान पर दस्तखत करने से इनकार करके तथा भारतीय विदेश मन्त्री ने 'जो देश आतंकवाद फैलाने में सहायता करेगा उसे इसकी कीमत चुकानी होगी' जैसा बयान देकर भारत की मजबूती को दिखाया है, वही दशा-दिशा और संप्रभुता आगामी एससीओ सम्मेलन में भारत की बनी रहेगी।

# ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करे भारत-चीन



विमर्श
शंभू भद्रा
वरिष्ठ पत्रकार

मौजूदा वक्त में दुनिया में अनेक स्तर पर हलचल है। इसके केंद्र में अमेरिका है, खासकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। उन्होंने सबसे अदावत की ठान रखी है। भारत व चीन समेत 90 से अधिक मुल्कों पर ट्रंप के एकतरफा टैरिफ के ऐलान से वैश्विक रिश्ते रिशेप ले रहे हैं। देश अमेरिका के विकल्प तैयार कर रहे हैं। भारत और चीन तेजी से करीब आ रहे हैं।

यूं तो चीन के साथ रिश्ते सामान्य करने का प्रयास भारत ने ट्रंप 2.0 आने से पहले वर्ष 2024 में ही शुरू कर दिया था, लेकिन ट्रंप के अनुचित टैरिफ के बाद चीन ने भी भारत से ट्रेडकूटनीति को मजबूत करने की कोशिश तेज कर दी है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीन यात्रा, चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा, इस दौरान दुर्लभ खनिजों की बंद आपूर्ति को शुरू करने के साथ उर्वरक व टनल खुदाई मशीन देने पर सहमति और 31 अगस्त व 1 सितंबर को दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी के भाग लेने व उनकी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रस्तावित बैठक इन्हीं कोशिशों की कड़ी हैं। भारत एक साथ ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, चीन, रूस व ब्राजील से अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। पश्चिम एशिया, खाड़ी देश, अफ्रीकी संघ, लैटिक अमेरिकी देश और आसियान देशों के साथ भी भारत के रिश्ते बेहतर हैं। इसमें सबसे अहम भारत व चीन के उतार-चढ़ाव वाले रिश्ते हैं।

## दूरदृष्टि का दे रहे परिचय

बेशक वांग यी की यात्रा के बाद चीन व भारत के संबंध को लेकर बीजिंग व नई दिल्ली में अलग-अलग विश्लेषण व नजरिया है, लेकिन दोनों मुल्क दूरदृष्टि का परिचय दे रहे हैं। भारत व चीन के संबंध भविष्य में क्या आकार लेंगे, कहना कठिन है, कारण चीन की विस्तारवादी नीतियां, पाकिस्तान के साथ दोस्ती व भारत के साथ सीमा विवाद राह के रोड़े हैं। भारत के साथ सामान्य संबंध चीन के रुख पर निर्भर करेगा, पर अभी ट्रंप टैरिफ की वजह से अगर दोनों देश नजदीक आ रहे हैं तो भी यह बहुध्रुवीय विश्व में नई उम्मीद को मजबूत कर रहे हैं। भारत के लिए अमेरिका का रिप्लेसमेंट चीन नहीं है, लेकिन भारत अपने हितों से कभी समझौता भी नहीं करेगा। भारत को लेकर अमेरिकी प्रशासन की भाषा अपमानजनक सरीखी है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। हाल में भारत ने रूस व चीन के साथ बेहतर तालमेल बढ़ा कर अमेरिका को संदेश दे दिया है कि ट्रंप के तरीके नामंजूर हैं।

## पश्चिम पर निर्भरता कम होगी

भारत को अगर अपने ग्लोबल साउथ के आइडिया को अमलीजामा पहनाा है, तो उसमें चीन, जापान व ब्राजील का साथ जरूरी है। भारत, चीन, ब्राजील व जापान मिलकर ग्लोबल साउथ को नई दिशा दे सकते हैं। ये सभी मुल्क तकनीक, संसाधन और बाजार के साथ सामरिक ताकत से लैस हैं। इससे पश्चिम पर निर्भरता कम होगी। भारत को एशिया की मजबूती और शांति की दिशा में भी काम करना चाहिए। एशिया में देशों के बीच संघर्ष, अविश्वास व दुश्मनी पश्चिमी



हथियार बाजार को खाद-पानी देते हैं। एशियाई देशों में अगर यह समझ विकसित हो जाए कि आपसी टकराव के बजाय सहअस्तित्व व सहयोग से इस साधन संपन्न सबसे बड़े महादेश को शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और खुशहाल बनाया जा सकता है, तो हथियार की होड़ रुक सकती है, जिससे पश्चिम का दबदबा खत्म हो सकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के मुताबिक, 2014 से 2024 के बीच भारत के आयात परिदृश्य पर चीन का प्रभुत्व और अधिक बढ़ गया है। इरिथ्रोमाइसिन, सिलिकॉन वेफर्स, फ्लैट पैनल डिस्प्ले, सौर सेल, लिथियम आयन बैटरियां, दुर्लभ खनिज खासकर मैग्नेट के लिए भारत चीन पर निर्भर है। इस कारण चीन संकट के समय भारत के खिलाफ माल आपूर्ति को रोक कर ढाल बनाता है। भारत को इस स्थिति से उबरना है। भारत को चीन पर दबाव भी बनाना होगा कि वह भारतीय उत्पादों के लिए अपना बाजार खोले, व्यापार संतुलन की खाई को पाटे। द्विपक्षीय व्यापार में भारत की हिस्सेदारी दो दशक पहले के 42.3 प्रतिशत से घटकर आज केवल 11.2 प्रतिशत रह गई है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा को व्यापक रूप से प्रधानमंत्री मोदी की निर्धारित तियानजिन एससीओ शिखर सम्मेलन यात्रा की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। चीन अगर भारत का भरोसा जीतना चाहता है तो, उसे अधिक पहल करनी होगी। भारत व चीन के बीच सहयोग के कई क्षेत्र हैं। आयुर्वेद, योग और भारतीय शास्त्रीय कलाओं में चीन की रुचि बढ़ रही है।

पर्यटन, तीर्थयात्रा में वृद्धि हो रही है। भारतीय स्टार्टअप्स प्रमुख चीनी फंडिंग को आकर्षित कर रहे हैं। बुनियादी ढांचे और हाई-स्पीड रेल के क्षेत्र में चीन की उन्नत जानकारी भारत के औद्योगिक विकास के लिए लाभकारी है। भारत और चीन ब्रिक्स, एससीओ, जी-20, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में सहयोग कर वैश्विक दक्षिण एकजुटता, बहुध्रुवीयता और जलवायु कूटनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। चीन भारत के अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का समर्थन करता है। दोनों देश पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कार्बन टैरिफ और वैश्विक जलवायु शासन में अंतर्निहित असमानताओं के बारे में गहरी चिंताएं साझा करते हैं। भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सीमाई स्थिरता, व्यापार और सामरिक संवाद के माध्यम से रचनात्मक सहभागिता की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन सीमा विवाद, अक्साई चिन के 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जा, अरुणाचल प्रदेश के 90,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को 'दक्षिण तिब्बत' बताकर चीनी दावा, देपसांग और चार्डिंग-निंगलुंग नाला जैसे टकराव वाले अनसुलझे बिंदु, डोकलाम गतिरोध (2017) और गलवान घाटी संघर्ष (2020), पीओके से होकर चीन का चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपेक), चीन का ब्रह्मपुत्र और सतलुज जैसी नदियों पर नियंत्रण, चीनी विस्तारवाद, पाकिस्तान के साथ सैन्य सहयोग आदि भारत व चीन के रिश्ते की राह में बाधाएं हैं।

## प्रतिरोधक क्षमता मज़बूत बनाएं

चीन वैश्विक मंचों पर भारत की न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप (एनएसजी) सदस्यता और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सीट की आकांक्षाओं में बाधा डालता है। फिर भी विश्वास-निर्माण उपायों, सामरिक स्वायत्तता, क्षेत्रीय सहयोग तथा वैश्विक बहुध्रुवीय सहभागिता के संयोजन से एक स्थिर, सहयोगपूर्ण व भविष्यन्मुखी द्विपक्षीय संबंध की राह प्रशस्त की जा सकती है। भारत को स्मार्ट सीमा अवसंरचना, आईएसआर (खुफिया, निगरानी एवं टोही) तकनीकों तथा पर्वतीय युद्ध की तैयारी में निवेश कर अपनी विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता को मज़बूत बनाना चाहिए।

# यूएस ओपन के लिए सिनर बहा रहे पसीना, कहा- बेहद कठिन टूर्नामेंट, जीतना आसान नहीं

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत विजेता जानिक सिनर एक बार फिर से यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतने के लिए तैयार हैं। लगातार दो साल यूएस ओपन जीतना आसान नहीं होता। लेकिन, इस कठिन उपलब्धि को हासिल करने के लिए सिनर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बीमारी की वजह से सिनसिनाटी ओपन के फाइनल के बीच से हटने वाले सिनर यूएस ओपन के लिए न्यूयॉर्क पहुंचकर खुश हैं।

सिनर ने कहा, "मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक शानदार टूर्नामेंट है। सीजन का यह आखिरी ग्रैंड स्लैम है, इसलिए हमारा उत्साह ज्यादा है। शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं लगभग पूरी तरह से ठीक हो गया हूं। टूर्नामेंट शुरू होने से पूर्व में फिटनेस के उच्चतम स्तर पर पहुंचना चाहता हूं।"

### प्रतिद्वंद्विता होना बहुत अच्छी बात

अल्काराज के साथ अपने रिश्ते पर सिनर ने कहा, "प्रतिद्वंद्विता होना बहुत अच्छी बात है, यह खेल के लिए अच्छा है। यह व्यक्तिगत दृष्टिकोण के लिए भी अच्छा है, क्योंकि कभी-कभी जब आप अभ्यास में थक जाते हैं, तो आप कुछ चीजों की नकल करने की कोशिश करते हैं, क्योंकि वे असली मैच में भी हो सकती हैं। इस समय मैं और कार्लोस बड़ी ट्रॉफियां साझा कर रहे हैं, लेकिन चीजे बदल भी सकती हैं। आप कभी नहीं जानते। मैदान पर बहुत ही शानदार खिलाड़ी हैं और फाइनल तक पहुंचना बहुत मुश्किल है। मैं हमेशा कहता हूं कि हमें सुधार करना होगा, क्योंकि खिलाड़ी अब हमें समझते हैं कि हम कैसे हैं।



### क्वालीफायर मुकाबले 18 अगस्त से शुरू

यूएस ओपन साल का आखिरी ग्रैंडस्लैम है। इसी वजह से सभी प्लेयर्स अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। अब इसके लिए मंच पूरी तरह से तैयार है। यूएस ओपन 2025 के क्वालीफायर मुकाबले 18 अगस्त से शुरू हो चुके हैं। वहीं पुरुष और महिला वर्ग के पहले राउंड के मुकाबले 24 अगस्त से खेले जाएंगे।

### सबालेंका को दिखाना होगा दम

पिछली बार वुमेंस सिंगल्स में यूएस ओपन 2025 का खिताब आर्याना सबालेंका ने जीता था। इस बार भी उनकी निगाहें जीत दर्ज करने पर होंगी। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा। उन्हें इगा स्विएटेक और जेसिका पेगुला से कड़ी टक्कर मिल सकती है। ऐसे में उन्हें खिताब जीतने के लिए तगड़ी मेहनत करनी होगी।



### ग्रैंड स्लैम में कई छोटी-छोटी बातें भी फर्क डालती

सिनर से पूछा गया कि हाल के वर्षों में यूएस ओपन में खिताब बचाना इतना मुश्किल क्यों रहा है? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यहां रात में या दिन में खेलने से बहुत कुछ बदल जाता है। इस ग्रैंड स्लैम में कई छोटी-छोटी बातें भी फर्क डालती हैं। यह बेहद मुश्किल टूर्नामेंट है, जीतना कभी भी आसान नहीं है। रोजर फेडरर एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने लगातार पांच साल (2004 से 2008) तक यूएस ओपन का खिताब जीता। टेनिस में मौजूदा समय में जानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज के बीच कड़ी प्रतियोगिता देखने को मिलेगी। पिछले सात ग्रैंड स्लैम इन्हीं दोनों खिलाड़ियों ने जीते हैं। ऐसे में यूएस ओपन के पुरुष वर्ग का फाइनल भी इन्हीं दोनों के बीच होने की प्रबल संभावना है।

## खबर संक्षेप



### हिल्स ओपनः अवनि स्नेहा की अच्छी शुरुआत

**गोटेनबर्ग।** भारत की अवनि प्रशांत ने हिल्स ओपन गोल्फ के पहले दिन एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 21वां स्थान हासिल कर लिया। स्नेहा सिंह भी संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड की मोमोका कोबोरी पहले दौर के बाद शीर्ष पर है, जिन्होंने चार अंडर पार स्कोर किया। भारत की हिताशी बख्शी संयुक्त 48वें और प्रणवि उर्स संयुक्त 71वें स्थान पर है। अमनदीप द्राल संयुक्त 86वें , त्वेसा मलिक संयुक्त 107वें और वाणी कपूर संयुक्त 123 वें स्थान पर हैं।

### सिंक्यूफील्ड कप : गुकेश बाल-बाल बचे हार से प्रज्ञानानंदा ने खेला ड्रा



**सेंट लुइस।** ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप शतरंज के पांचवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश हार से बाल बाल बचे और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के साथ अंक बांटे । पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। अमेरिका के फेबियानो कारुआना ने 3.5 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। प्रज्ञानानंदा दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। ग्रैंड शतरंज टूर से शीर्ष चार खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे।

### एआईएफएफ-एफएसडीएल खत्म करें विवादः सुको



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से मास्टर राइट्स समझौते के नवीनीकरण से संबंधित मुद्दे को सुलझाने को कहा है क्योंकि इससे ही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आगामी सत्र शुरू नहीं हो सका है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए एआईएफएफ और एफएसडीएल को इस मुद्दे पर चर्चा करने और अगली सुनवाई की तारीख 28 अगस्त तक समाधान निकालने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय 18 अगस्त को राष्ट्रीय महासंघ और टूर्नामेंट के आयोजकों के साथ अपने अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं होने के कारण 11 आईएसएल क्लबों के भाग्य को लेकर एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गई थी।

## गुयाना वॉरियर्स ने बनाए 211 रन, एंटीगुआ की टीम 128 में सिमटी

# सीपीएल 2025 : टी20 में 5 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बने ताहिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में एंटीगुआ और बारबुमा फाल्कन्स की टीम और गुयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम के खिलाफ मैच खेला गया। इसमें गुयाना की टीम ने 83 रनों से जीत दर्ज की। टीम की जीत में 46 साल के कप्तान इमरान ताहिर ने अहम योगदान दिया और उन्होंने 4 ओवर में 21 रन देकर पांच विकेट झटके। गुयाना वॉरियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 211 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके बाद एंटीगुआ और बारबुमा फाल्कन्स की टीम सिर्फ 128 रनों पर ही सिमट गई।

### ताहिर ने तोड़ा मोअज्जम अली बेग का वर्ल्ड रिकॉर्ड

इमरान ताहिर ने मैच में 4 ओवर में 21 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनकी गेंदों को विरोधी टीम के बल्लेबाज समझ नहीं पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 46 साल और 148 दिन की उम्र में पांच विकेट हॉल हासिल किया है। वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में पांच विकेट हॉल लेने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए हैं। उन्होंने मलावी के कप्तान मोअज्जम अली बेग के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा है। मोअज्जम ने 39 साल की उम्र में मलावी की टीम से खेलते हुए कैमरून के खिलाफ पांच विकेट हॉल लिया था। अब इमरान ने कप्तान रहते हुए उनका रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है।



### इमरान ने टी20 क्रिकेट में किया कमाल

इमरान ताहिर टी20 क्रिकेट में पहले ऐसे कप्तान भी बन गए हैं, जिन्होंने टी20 क्रिकेट में 40 साल की उम्र से ज्यादा रहते हुए पांच विकेट हॉल हासिल किया है। इमरान से पहले कोई भी कप्तान टी20 क्रिकेट में 40 की उम्र पार करने के बाद पांच विकेट हॉल नहीं ले पाया है।

### मलिंगा की कर ली बराबरी

इमरान ताहिर टी20 क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल लेने वाले प्लेयर बन गए हैं। वह टी20 क्रिकेट में अभी तक पांच बार पांच विकेट हॉल ले चुके हैं। उन्होंने शाहीन अफरीदी, लासिथ मालिंगा, भुवनेश्वर कुमार, शाकिब अल हसन की बराबरी कर ली है। इन गेंदबाजों ने टी20 क्रिकेट में पांच-पांच बार पांच विकेट हॉल लिया था। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 7 बार पांच विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड डेविड वीसे के नाम है।

### 419 पारियों में इमरान ने हासिल किए 554 विकेट

इमरान ताहिर टी20 इतिहास के चौथे सबसे सफल गेंदबाज हैं। 2006 में अपना करियर शुरू करने वाले ताहिर ने अंतर्राष्ट्रीय और लीग क्रिकेट मिलाकर कुल 436 मैच खेले हैं, जिसकी 419 पारियों में गेंदबाजी करते हुए कुल 554 विकेट हासिल किए हैं। राशिद खान पहले, ड्वेन ब्रावो दूसरे और सुनील नरेन तीसरे स्थान पर हैं। टी20 में एक पारी में 5 विकेट लेने की उपलब्धि इमरान ताहिर पांच बार हासिल कर चुके हैं। इस फॉर्मेट में सर्वाधिक बार 5 विकेट लेने वालों की सूची में वह शाहीन अफरीदी, लसिथ मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार, और शाकिब अल हसन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। डेविड विजा 7 बार पांच विकेट लेकर सूची में पहले स्थान पर हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके पाकिस्तान मूल के इमरान ताहिर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 20 टेस्ट में 57, 107 वनडे में 173 और 38 टी20 में 63 विकेट लिए हैं।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# अर्जुन-इलावेनिल की जोड़ी ने जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाखस्तान)

भारत के अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

- 10 मीटर एयर राइफल में चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया

भारतीय जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया। चीनी जोड़ी शुरुआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9-5 और 10-1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं।

### जूनियर वर्ग में शांभवी-नारायण की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

बाबूता ने रुद्रांक्ष पाटिल और किरण जाधव के साथ पुरुष 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पीला तमगा जीता है। भारत की शांभवी श्रवण और नारायण प्रणव की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने चीन को 16-12 से हराया। भारतीय टीम क्वालीफिकेशन में दो चीनी टीमों के पीछे थी लेकिन एक देश से एक ही टीम भाग ले सकती है तो चीन के तांग हुइकी और हान यिनान क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचे। भारतीय टीम ने 629-5 स्कोर किया जबकि चीन 2 का स्कोर 632-5 और चीन 1 का स्कोर 630 था। शांभवी ने 105- 4, 105-2 और 104-4 स्कोर किया जबकि प्रणव ने 103-7, 105-7 और 105-1 स्कोर किया। भारत की ईशा टकसाले और हिमांशु क्वालीफिकेशन में 628-6 स्कोर करके चौथे स्थान पर रहे।

## महिला विश्व कप

# युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व हरफनमौला रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण को शानदार करार देते हुए कहा कि यह विश्व कप में अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम है।



- 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होगी स्पर्धा, भारत का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज शुरुआती दिन गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण का जिक्र करते हुए रीमा ने कहा, ' यह किसी भी महिला विश्व कप को देखे तो भारत की सबसे मजबूत टीम है। भारतीय टीम में हरमनप्रीत (कौर), स्मृति मंधाना, जैमी (जेमिमा रोड्रिग्स), दीप्ति (शर्मा) जैसी अनुभवी खिलाड़ी है तो वहीं अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे दमखम वाले युवा भी है।' रीमा ने कहा, ' टीम में जोश और होश का अच्छा मिश्रण है। मुझे नहीं लगता कि आपको विश्व कप के लिए इससे अच्छी टीम मिलेगी।' आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा टीम में जगह बनाने में नाकाम रही लेकिन रीमा ने उनकी जगह प्रतिका रावल के चयन को सही करार देते हुए कहा कि दिल्ली की इस बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता रही है।

प्रतिका ने भारत के लिए 14 एकदिवसीय में 54.07 के औसत से 754 रन (एक शतक और पांच अर्धशतक) रन बनाए हैं। शेफाली के नाम 29 एकदिवसीय में लगभग 23 के औसत से 644 रन (चार अर्धशतक) है। इस दौरान शेफाली का स्ट्राइक रेट 83.20 का रहा है तो वहीं प्रतिका ने इस मामले में भी बेहतर करते हुए 87.43 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।


### राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप धनलक्ष्मी, अनिमेष, अन्नू ने बटोरी सुर्खियां

**चेन्नई।** तमिलनाडु की धनलक्ष्मी सेकर ने 200 मीटर दौड़ में खिताब के साथ अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुष वर्ग में ओडिशा के अनिमेष कुजूर और उत्तर प्रदेश की भाला फेंक एथलीट अनु रानी ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप में अपनी-अपनी स्पर्धाएं जीतकर सुर्खियां बटोरीं। इस साल की शुरुआत तक डोपिंग प्रतिबंध झेलने वाली 27 वर्षीय धनलक्ष्मी ने यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के चौथे और अंतिम दिन महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 23.53 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की शिवानी सैनी (24.04 सेकंड) और गुजरात की साक्षी चव्हाण (24.05 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। धनलक्ष्मी इससे पहले 100 मीटर दौड़ और चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

# टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होंगे शारापोवा और ब्रायन बंधु

एजेंसी ▶▶| लंदन

रूस की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मारिया शारापोवा और अमेरिका के युगल विशेषज्ञ बॉब और माइक ब्रायन को टेनिस हाल आफ फेम में शामिल किया जाएगा । कैरियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाली 10 महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा ने 2004 में दो बार की गत चैंपियन सेरेना विलियम्स को हराकर विम्बलडन जीता था । उन्होंने 2006 में अमेरिकी ओपन, 2008 में आस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 तथा 2014 में फ्रेंच ओपन जीता था।



वह डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली पहली रूसी खिलाड़ी भी रहीं। उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक भी जीता, जिसमें फाइनल में वह सेरेना से हारी थी। उन्होंने 2020 में 32 वर्ष की उम्र में खेल को अलविदा कहा। वहीं ब्रायन बंधुओं ने 16 पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं, जो एक रिकॉर्ड है। वे 438 सप्ताह तक नंबर एक जोड़ी रहे। उन्होंने अमेरिका को 2007 डेविस कप और 2012 ओलंपिक स्वर्ण भी दिलाया।

### अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

**समोकोव (बुल्गारिया)।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों का अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जहां शनिवार को प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पांचों पहलवान पदक की दौड़ से बाहर हो गये। इन पांच में से चार पहलवान शुरुआती कुछ दौर में ही प्रतियोगिता से बाहर हो गये। टूर्नामेंट के ग्रीको रोमन वर्ग में सूरज पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय रहे। उन्होंने शुक्रवार देर रात 60 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। भारत के लिए शनिवार को पदक का इकलौता मौका अनिल मोर ने बनाया लेकिन वह 55 किग्रा भार वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में जापान के डाइसुके मोरीशिता के खिलाफ 7-10 से हार गये। इसके साथ ही चैंपियनशिप में भारत का अभियान समाप्त हो गया। महिलाओं की टीम ने सात पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम ने भी निराश किया। सुमित मलिक (57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक) पदक जीतने वाले इकलौते पहलवान रहे। ग्रीको रोमन में गौरव (63 किग्रा) का क्वालीफिकेशन दौर में मुकाबला मोल्दोवा के डुमित्रु रैपेस्को के साथ 2-2 की बराबरी पर छूटा। वह हालांकि मानदंडों के आधार पर विजेता बने। उनके प्री-क्वार्टर फाइनल का परिणाम भी 1-1 रहा, लेकिन इस बार उन्हें अजरबैजान के तुरल अहमदोव से हार का सामना करना पड़ा।


## विश्व चैंपियन टीम केरल में खेलेगी फीफा मैत्री मैच

# इंतजार हुआ खत्म, अर्जेंटीना की टीम आएगी भारत

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने पुष्टि कर दी है कि वह नवंबर में केरल में अज्ञात प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फीफा का एक दोस्ताना मैच खेलेगी। मैच 10 से 18 नवंबर के बीच कोच्चि या तिरुवनंतपुरम में खेला जा सकता है।

अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर लिखा,'लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 2025 में दो फीफा दोस्ताना मैच खेलेगी। पहला 6 से 14 अक्टूबर के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। दूसरा 10 से 18 नवंबर के बीच अंगोला के लुआंडा और भारत के केरल (प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं) में होगा।' केरल के खेलमंत्री वी. अब्दुरहमान ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी पुष्टि की कि कप्तान लियोनेल मेस्सी समेत विश्व कप विजेता अर्जेंटीना



फुटबॉल टीम नवंबर में केरल आएगी। उन्होंने लिखा,'अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने ऐलान किया है कि टीम नवंबर में फीफा विंडो में केरल में खेलेगी। लियोनेल मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप जीतने वाली पूरी टीम यहां आएगी।' उन्होंने कहा,'हम अर्जेंटीना फुटबॉल संघ को इसके लिए धन्यवाद देते हैं । यह केरल फुटबॉल और पूरे खेल सेक्टर के लिए ऐतिहासिक पल है।' एएफए के बयान में हालांकि मेस्सी का जिक्र नहीं है और न ही राष्ट्रीय टीम का ब्यौरा है।

### अर्जेंटीना टीम इससे पहले 2011 में आई थी कोलकाता

अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने 2022 फीफा विश्व कप में खिताब जीतने के बाद केरल से मिले समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया था। अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में हराकर खिताब जीता था। इससे पहले अर्जेंटीना टीम की यात्रा को लेकर संशय था क्योंकि दौरे की पुष्टि नहीं हुई थी और केरल सरकार के अधिकारियों को अनुबंध करने में नाकाम रहने के लिए दोषी ठहराया गया था। अर्जेंटीना टीम इससे पहले 2011 में कोलकाता में वेनेजुएला के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलने आई थी।

### 2024 में शुरू हुआ अर्जेंटीना टीम को केरल लाने का अभियान

*मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना टीम को केरल लाने के अभियान ने सितंबर 2024 में तेजी पकड़ी जब अब्दुरहमान ने स्पेन जाकर अर्जेंटीना फुटबॉल संघ के अधिकारियों से मुलाकात की थी। एएफए के मुख्य वाणिज्यिक और विपणन अधिकारी लिएंड्रो पीटरसन ने हालांकि 8 अगस्त को कहा था कि टीम का केरल दौरा अभी तय नहीं है। लेकिन अब्दुरहमान ने इसे खारिज करते हुए कहा था,'पीटरसन एएफए के महत्वपूर्ण अधिकारी हैं लेकिन सिर्फ मार्केटिंग में। यह अनुबंध एएफए प्रमुख क्लाउडियो टापिया के साथ हुआ है।' अब्दुरहमान की स्पेन यात्रा सरकारी खर्च पर हुई थी, जिस पर 13 लाख चार हजार रुपए खर्च हुए थे। इससे विवाद भी हुआ था लेकिन उन्होंने यह कहकर बचाव किया था कि इस यात्रा से स्पेन, आस्ट्रेलिया और क्यूबा जैसे अहम देशों से खेल करार किए गए हैं।*

इसरो ने जारी किया विजन 2040 का रोडमैप

# चंद्रयान-4 से लेकर चंद्रमा सैंपल रिटर्न मिशन प्रोजेक्ट शामिल

इसरो स्पेस रोडमैप 2040 न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करती है बल्कि देश को आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों की कतार में खड़ा करने का संकल्प भी दिखाता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में नई उड़ान भरते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक महत्वाकांक्षी रोडमैप 'इसरो स्पेस रोडमैप 2040' जारी किया है। इसरो ने ऐलान किया कि भारत वर्ष 2035 तक अपना खुद का भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (भारतीय अंतरिक्ष केंद्र-बीएएस) स्थापित करेगा, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इसके साथ ही, 2040 तक भारत चंद्रमा से सैंपल लाने का भी लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर इस मिशन विज़न को साझा किया।

» 2040 में भारत चंद्रमा पर उतरेगा और नमूने लेकर आएगा

» दुनिया के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की बराबरी कर लेगा भारत



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो अध्यक्ष वी. नारायण ने अंतरिक्ष प्रदर्शनी का अवलोकन किया

### शुक्रयान ऑर्बिटर मिशन शामिल

इसरो के रोडमैप में चंद्रयान-4, शुक्रयान, डीप स्पेस मिशन और नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्चर (एनजीएल) जैसी योजनाएं शामिल हैं। यह घोषणा न केवल भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करती है, बल्कि देश को आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों की कतार में खड़ा करने का संकल्प भी दिखाती है।

### एजीएल योजना को मंजूरी मिली

वी. नारायणन ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्चर (एनजीएल) पर काम के लिए मंजूरी दे दी है। 2040 तक भारत न केवल चंद्रमा पर उतरेगा, बल्कि वहां से मिट्टी और पत्थरों के नमूने भी लेकर वापस आएगा। नारायणन के अनुसार, उस समय भारत की अंतरिक्ष क्षमताएं दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसियों के बराबर होंगी।

### इसरो ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के मॉडल का किया अनावरण

*इसरो ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के मॉडल का अनावरण किया। इसरो का लक्ष्य 2028 तक परियोजना का पहला मॉड्यूल लॉन्च करना है और 2035 तक पूरा स्टेशन चालू हो जाने की उम्मीद है। बीएएस स्वदेशी अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनने के लिए तैयार है, जिसमें माइक्रोग्रैविटी अध्ययन और लंबी अवधि के मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए प्रौद्योगिकियों का परीक्षण शामिल है। भारत की अपनी स्वयं की कक्षीय प्रयोगशाला स्थापित करने की यात्रा, उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक बड़ी छलांग है। यह अंतरिक्ष अन्वेषण में ग्लोबल लीडर के रूप में उसकी स्थिति को मजबूत करती है।*




### चंद्रयान-4 की तैयारी

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के विज़न के आधार पर भारत आने वाले वर्षों में कई ऐतिहासिक मिशनों को अंजाम देगा। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही चंद्रयान-4 और एक शुक्रयान ऑर्बिटर मिशन लॉन्च करेंगे। हम 2035 तक बीएएस नामक एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने जा रहे हैं, तथा इसका पहला मॉड्यूल 2028 तक प्रक्षेपित कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बीएसएफ ने बॉर्डर पर सर्वल कैट को बचाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश



सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने तस्करी की जा रही एक दुर्लभ जंगली बिल्ली अफ्रीकन सर्वल कैट को बचाया। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 हजार डॉलर (2.5 लाख रुपए) से लेकर 10 हजार डॉलर (8.5 लाख रुपए) तक होती है। जब जवानों को बिल्ली मिली तो वह लकड़ी के एक डिब्बे में बंद थी। यह घटना 22 अगस्त की सुबह तड़के हुई। तस्कर घनी झाड़ियों का फायदा उठाकर बांग्लादेश की ओर भाग गए।

### चीन में पुल ढहने से 12 श्रमिकों की जान गई

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को एक प्रमुख नदी पर निर्माणाधीन रेलवे पुल के ढह जाने से कम से कम 12 श्रमिकों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। यह जानकारी सरकारी मीडिया की खबर में दी गई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की ओर से जारी तस्वीर में पुल के घुमावदार नीले मेहराब का एक बड़ा हिस्सा गायब दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर में पुल का एक मुड़ा हुआ हिस्सा नीचे पीली नदी में लटका हुआ नजर आ रहा है। शिन्हुआ के अनुसार, शुक्रवार देर रात लगभग तीन बजे उत्तर-पश्चिमी चीन के किंघई प्रांत में एक पुल पर 16 मजदूर काम कर रहे थे, तभी एक स्टील केबल टूट गई।

## रूसी तेल बेचने पर कहा- जिन्हें दिक्कत, वो नहीं लें, हम मजबूर नहीं करते

एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने की टिप्पणी

# भारत और अमेरिका की कट्टी नहीं ट्रेड पर बातचीत जारी : जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर बातचीत जारी है और उनके बीच कोई 'कट्टी (झगड़ा)' नहीं हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में शनिवार को बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहा है। रूसी तेल खरीद पर उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हित को देखते हुए ही फैसले लेगा। उन्होंने रूसी तेल को ऊंचे दाम पर बेचने के आरोप पर कहा कि अगर किसी देश को भारत से तेल खरीदने में समस्या है तो वे इसे न खरीदे। भारत किसी भी देश को इसके लिए मजबूर नहीं कर रहा। टैरिफ विवाद पर बोलते हुए जयशंकर ने तीन मुद्दों पर बात की जिनमें व्यापार, रूसी तेल खरीद और भारत-पाक के बीच मध्यस्थता शामिल है ।

### रूसी तेल खरीदने से भारत पर एक्स्ट्रा 25% टैरिफ

ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जो 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। इससे पहले ट्रम्प जुलाई में भारत पर 25% टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय सामान के आयात पर अमेरिका में 50% टैरिफ देना होगा।



### ट्रम्प की विदेश नीति दूसरे राष्ट्रपतियों से अलग

ट्रम्प पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि अब तक ऐसा कोई राष्ट्रपति नहीं हुआ जिसने विदेश नीति को ऐसे चलाया हो जैसे ट्रम्प चला रहे हैं। जयशंकर ने इसे बड़ा बदलाव बताया जो सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प का दुनिया के साथ व्यवहार करने का तरीका, यहां तक कि अपने देश के साथ व्यवहार करने का तरीका, रूढ़िवादी तरीके से बहुत अलग है। ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर ने भारत पर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था इससे पहले ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा था कि भारत सस्ते दाम पर रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है, इंडियन कंपनियां उसे रिफाइन कर महंगे दाम पर दुनिया में बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे रूस को यूक्रेन जंग के लिए पैसा मिल रहा है, जबकि भारत मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत हमें सामान बेचकर उससे मिलने वाले पैसों से रूसी तेल खरीदता हैं, जिससे तेल कंपनियां खूब पैसा कमाती हैं। इसलिए भारत पर टैरिफ लगाना जरूरी है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि रूस-यूक्रेन जंग की शांति का रास्ता भारत से होकर ही जाता है।

### भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2% (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45% (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है।

### हम पाकिस्तान को लेकर मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते

जयशंकर ने भारत-पाक संघर्ष के मुद्दे पर कहा कि हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते हैं। उन्होंने कहा- मध्यस्थता के विरोध की बात आती है, तो हम बहुत स्पष्ट हैं। दरअसल, ट्रम्प मई में हुए भारत-पाक संघर्ष को लेकर कई बार सीजफायर कराने का दावा कर चुके हैं। हालांकि, इसे भारत हमेशा खारिज करते आया है। जयशंकर ने कहा- जब कोई संघर्ष होता है, तो देश एक-दूसरे से बात करते हैं। अमेरिका और अन्य देशों ने भी फोन किए थे, यह कोई सीक्रेट नहीं है। मेरे सभी फोन कॉल्स मेरे एक्स अकाउंट पर हैं। जैसे मैंने इजराइल-ईरान या रूस-यूक्रेन संकट के दौरान फोन किए थे। आज के ग्लोबल रिश्तों में यह आम बात है। लेकिन यह कहना कि भारत-पाकिस्तान के बीच समझौता उनकी वजह से हुआ, गलत है।

### अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने पुराने रिश्ते भूल रहा

जयशंकर ने आगे कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने पुराने रिश्तों को भूल रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि दुनिया का सबसे खतरनाक आतंकी लादेन 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में ही मिला था। जयशंकर ने कहा- अमेरिका और पाकिस्तान का एक इतिहास है,और वे इसे बार-बार नजरअंदाज करते हैं। यह पहली बार नहीं है। कुछ देश सुविधा के लिए राजनीति करते हैं, जिसमें कुछ रणनीतिक फायदे हो सकते हैं। जयशंकर ने कहा कि जब हम अमेरिका-पाकिस्तान रिश्तों को आगे बढ़ते हुए देखते हैं तो भारत इस बात पर ध्यान देता है कि अमेरिका के साथ उसके संबंध कितने मजबूत हैं और उन्हें प्रासंगिक बनाए रखने वाली बातें क्या हैं। जयशंकर ने कहा कि उन्हें पूरी तरह पता है कि भारत क्या है, उसकी ताकतें क्या हैं और भारत-अमेरिका रिश्तों का महत्व और प्रासंगिकता कितनी है। यही सोच और आत्मविश्वास उनके रुख और प्रतिक्रिया को तय करता है।

भारत-पाक ने जारी किया 'नोटम'

## एक-दूसरे के लिए हवाई क्षेत्र को रखेंगे फिर बंद, 24 सितंबर तक अवधि बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत पाकिस्तान के साथ किसी तरह की नरमी बरतने के मूड में नहीं है। उसने इसके संकेत दे दिए हैं। भारत ने पाकिस्तान की एयरलाइनों और विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने की अवधि 24 सितंबर तक बढ़ा दी है। यह फैसला भारत के विमानन अधिकारियों की ओर से जारी एक नए नोटम (नोटिस टू एयरमेन) के अनुसार लिया गया है। पाक ने भी ऐसा ही कदम उठाते हुए भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को उसी अवधि तक बंद रखने का फैसला किया है। इस वजह से दोनों देशों के बीच हवाई क्षेत्र का बंद होना पांचवें महीने में प्रवेश कर गया है। अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में खटास आ गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 24 अप्रैल को अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया था। भारत ने भी 30 अप्रैल को जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने हवाई क्षेत्र को पाकिस्तानी विमानों के लिए बंद कर दिया था। तब से दोनों देश हर महीने नोटम जारी करके इस प्रतिबंध को बढ़ाते आ रहे हैं।

न्यूयॉर्क में टूरिस्ट बस पलटी

## 5 की मौत, बस में भारतीय भी थे ड्राइवर के कंट्रोल खोने से हादसा

एजेंसी ▶▶ अल्बानी



न्यूयॉर्क में नायग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए। बस नायग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क सिटी जा रही थी। हादसे के बाद बचावकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रोड को बंद कर दिया। बचाव दल ने घायलों का मौके पर ही प्राइमरी इलाज किया। बाद में एंबुलेंस और हैलिकॉप्टर से अस्पताल भेजा। बस में अधिकांश यात्री भारत, चीन और फिलिपींस मूल के थे।

## ग्रीस में आईएनएस तमाल का भ्रमण पूरा



**नई दिल्ली।** भारतीय युद्धपोत आईएनएस तमाल ने 22 अगस्त 2025 को ग्रीस के सौदा खाड़ी में बंदरगाह भ्रमण संपन्न किया। जहाज की गतिविधियाँ भारत और ग्रीस के बीच सहयोग और सहभागिता को बढ़ाने पर केंद्रित रहीं। प्रस्थान के समय आईएनएस ने हेलेनीक नेवी की रूसेन श्रेणी की गश्ती नौका एचएस रित्सोस के साथ एक मार्ग अभ्यास में भाग लिया।

## अल सल्वाडोर तट पर 6.0 तीव्रता का भूकंप आया

**सैन सल्वाडोर (अल साल्वाडोर)।** ग्वाटेमाला और अल सल्वाडोर के तट के पास शनिवार सुबह प्रशांत महासागर में बड़ा भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। सुबह 4:14 बजे 10 किलोमीटर की गहराई पर 6.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र अल सल्वाडोर के अकाजुटला से 81 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम और ग्वाटेमाला के प्यूर्टो सैन जोस से 107 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व में था। अकाजुटला, अल सल्वाडोर का प्रमुख वाणिज्यिक बंदरगाह है और इसका उपयोग क्रूज जहाजों द्वारा भी किया जाता है। प्यूर्टो सैन जोस, ग्वाटेमाला के प्रशांत तट पर स्थित सबसे बड़ा शहर है। किसी प्रकार के नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं मिली।

## भारत दुनिया को धीमी विकास दर से बाहर निकालने की स्थिति में : मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि "सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन" के मंत्र से प्रेरित होकर भारत दुनिया को धीमी विकास दर से बाहर निकालने में मदद करने की स्थिति में है। 'इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है। मोदी ने कहा कि सुधार उनकी सरकार के लिए प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास का विषय है। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार प्रक्रिया, जो कानून को सरल बनाने का प्रयास करती है, इस दिवाली से पहले पूरी हो जाएगी, जिससे कीमतें कम हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से स्वच्छ ऊर्जा, क्वांटम प्रौद्योगिकी, बैटरी भंडारण, उन्नत सामग्री और जैव प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "जो हासिल हो चुका है, उससे संतुष्ट होना मेरे स्वभाव में नहीं है। यही दृष्टिकोण हमारे सुधारों का मार्गदर्शन करता है।" मोदी ने कहा, "हमारे लिए सुधार कोई मजबूरी नहीं है बल्कि यह प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास का विषय है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार व्यापक नये सुधार लाने जा रही है। उन्होंने कहा, "अगली पीढ़ी के इन सुधारों से भारत में विनिर्माण बढ़ेगा, बाजार में मांग बढ़ेगी, उद्योग को नयी गति मिलेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और जीवन सुगमता तथा व्यापार सुगमता दोनों में सुधार होगा।" उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के व्यवधान के बावजूद संसद के हालिया संपन्न मानसून सत्र के दौरान सुधारों को जारी रखा।

बांग्लादेश में यूनुस सरकार ने मीडिया पर कसा शिकंजा

## हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

### हसीना भगोड़ा अपराधी



यूनुस ने कहा कि टेलीविजन चैनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है।

### पाक विदेश मंत्री पहुंचे बांग्लादेश

पाक के विदेश मंत्री इशाक डार तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को बांग्लादेश पहुंचे हैं। यह 13 साल के बाद किसी वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी का पहला ढाका दौरा है। पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्री जम कमाल खान इशाक डार से पहले बुधवार को ढाका पहुंचे थे।

कठिन समस्याएं अब होंगी कम
सच्ची सहेली है बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबसे भरोसेमंद औषधि एवं टॉनिक
INDIA'S MOST TRUSTED BRAND
पूर्ण स्वदेशी, पूर्ण आयुर्वेदिक
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
67 जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक निम्न समस्याओं में विशेष सहायक है।
सच्ची सहेली®
Helps with:
कठिन दर्द
कमजोरी
थकान
इम्यूनिटी
चिड़चिड़ापन
कमर कटना




24x7 Helpline: 77106 44444 | www.sachisaheli.in | Available at all leading medical & general stores.

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25